RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 311 ■ मुंबई, सोमवार 2 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



बिहार चुनाव में इस बार बुजुर्गों की विदाई तय!

पेज-4



राम मंदिर के स्वर्ण जड़ित भव्य शिखर की तस्वीरें जारी

पेज-6




चैंपियंस लीग का चैंपियन बना PSG

पेज-9



दो साल बाद पर्दे पर लौट रहीं नरगिस

पेज-10

## Short News एक नजर

### गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

**गाजा।** रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजराइली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कॉरिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फिलिस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं।

### एअर मार्शल मनीष खन्ना ने संभाली दक्षिणी वायु सेना की कमान

**नई दिल्ली।** कई अलग-अलग युद्धक और ट्रेनर विमानों पर चार हजार घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखने वाले एअर मार्शल मनीष खन्ना ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का कार्यभार संभाला है। सरकार ने एक बयान में कहा कि उन्हें छह दिसंबर, 1986 को भारतीय वायु सेना के फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था। बयान में कहा गया, 'एअर मार्शल मनीष खन्ना अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम), वायु सेना मेडल (वीएम) से सम्मानित, एक जून 2025 को तिरुवनंतपुरम में एअर अफसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में दक्षिणी वायु कमान (एसएसी) का कार्यभार संभाला।'

### भगवान जगन्नाथ के रथ में सुखोई जेट के टायर लगाए

**कोलकाता।** कोलकाता इस्कॉन की फेमस भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के रथ के पहियों को 48 साल बाद बदला गया है। इस बार रथ में रूसी सुखोई जेट के टायर लगाए जा रहे हैं। फाइटर जेट की टेकऑफ स्पीड 280 किमी/घंटा तक होती है। हालांकि, रथ 1.4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इस्कॉन कोलकाता ने बताया कि पिछले कई सालों से रथ को चलाने में समस्या आ रही थी। आयोजक 15 सालों से नए टायर की तलाश में थे। बोइंग विमान के पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जा था, लेकिन अब वे बाजार में मिलने मुश्किल हो रहे हैं।

### ओवैसी बोले- जेल में रहकर पिता बना आतंकी लखवी

**अल्जीरिया।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का पिता बन गया। उन्होंने शनिवार को अल्जीरिया में कहा- एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए पिता बन गया।

# रूस और यूक्रेन में महायुद्ध

## यूक्रेन ने रूस के एयरबेस पर किया भयानक ड्रोन हमला

**महानगर नेटवर्क**
**मॉस्को/कीव**

यूक्रेन ने रूस के 40 लड़ाकू विमानों को तबाह करने का दावा किया है। यूक्रेनी वेबसाइट कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के ड्रोन से रविवार को दो रूसी एयरबेस ओलेन्या और बेलाया को निशाना बनाया। इसमें A-50, TU-95 और TU-22 जैसे स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स तबाह हो गए।

यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी (SBU) ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें FPV (फर्स्ट-पर्सन-व्यू) ड्रोन्स का इस्तेमाल किया गया। SBU के एक अधिकारी ने कहा कि यह हमला उन्होंने खुद के बचाव में किया है, क्योंकि ये रूसी विमान अक्सर यूक्रेनी शहरों को निशाना बनाते हैं। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, नुकसान की लागत 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा) हो सकती है। रूस का बेलाया एयरबेस यूक्रेनी सीमा से लगभग 4 हजार किमी और ओलेन्या एयरबेस करीब 1800 किमी दूर हैं।




## रूस ने कीव समेत पांच शहरों में मचाई तबाही



रविवार को रूस ने लगातार 9 घंटे तक मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन के कई अहम शहरों पर हमले किए, जिनमें राजधानी कीव भी शामिल है। इन हमलों में 12 यूक्रेनी सैनिकों की भी मौत की सूचना है। ये हमले उस वक्त हुए हैं जब दोनों देशों के बीच इस सप्ताह इस्तांबुल में शांति वार्ता की तैयारी चल रही है। इस अचानक हुए बड़े हमले ने युद्ध की स्थिति को और जटिल बना दिया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। खासतौर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप के युद्ध रुकवाने के दावे को झटका लगा है।

### हमलों में 12 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

यूक्रेन की सेना ने बताया कि एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर हुए हमले में 12 लोग मारे गए और 60 से अधिक घायल हुए। हालांकि, इस केंद्र के स्थान की जानकारी साझा नहीं की गई। इसके अलावा, दिनप्रोपेट्रोव्स्क, जापोरिजिजया, ओडेसा और खारकीव जैसे नागरिक इलाकों में भी बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इन हमलों में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घायल हुए। कीव और उसके आसपास के क्षेत्रों पर भी शनिवार रात से हमले जारी रहे। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि रूस ने ड्रोन हमलों की संख्या बढ़ा दी है ताकि नागरिक इलाकों को निशाना बनाया जा सके। हालांकि, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हुए।

# पाकिस्तान देख ले... हिंदुस्तान की हैसियत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

मई में सरकार ने बंपर जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) कलेक्शन किया है। लगातार दूसरे महीने यह 2 लाख करोड़ से ज्यादा रहा है। पिछले महीने जीएसटी कलेक्शन 16.4% बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल मई के मुकाबले इस साल ज्यादा टैक्स आया है। हालांकि, अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2.37 लाख करोड़ रुपये था, जो अब तक का सबसे ज्यादा था। जानकारों का कहना है कि अलग-अलग राज्यों में जीएसटी कलेक्शन की रफ्तार अलग-अलग है। इसलिए हर राज्य को अपने हिसाब से ध्यान देना होगा। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के लिए यह आंखें खोलने वाला है।




आईएमएफ से हाल में उसे भीख में 1.4 अरब डॉलर यानी करीब 12 हजार करोड़ का नया लोन मिला है। भारत का सिर्फ एक महीने का टैक्स कलेक्शन इस रकम से कहीं ज्यादा है। ये आंकड़े देखने के बाद पाकिस्तान को भारत के मुकाबले अपनी हैसियत का अंदाजा लगाना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।



## कोरोना की रफ्तार हुई तेज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसेज की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई।

# अमित शाह का दीदी को चैलेंज

## 'दीदी अगर हिम्मत है तो...', वोटबैंक के लिए सारी हदें पार



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अगर दीदी (ममता बनर्जी) में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखाएं, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा, 'ममता बनर्जी ने वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। हमारे लोग पहलगाम में मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, हमने 100 किमी (पाकिस्तान के अंदर) जाकर उनके मुख्यालय को नष्ट कर दिया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गए और इससे दीदी का पेट दुखता है। उन्होंने एक राजनीतिक भाषण दिया और ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। उन्होंने देश की करोड़ों महिलाओं की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया है। पश्चिम बंगाल की बहनों और माताओं को आगामी चुनावों में ममता बनर्जी को सिंदूर का मूल्य सिखाना चाहिए।' हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है। घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है और हिंदुओं का पलायन रोकना है। उन्होंने कहा ममता बनर्जी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया।

### UPA में 2 लाख करोड़, NDA में 8 लाख करोड़...

अमित शाह ने कहा, "ममता जी, आपने सोनिया-मनमोहन सरकार में 10 साल तक केंद्र की सत्ता का आनंद लिया। अब 15 साल से बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। आपने बंगाल को क्या दिया?" उन्होंने बताया कि उस समय केवल 2.09 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जबकि मोदी सरकार ने अब तक 8,00,087 करोड़ भेजे हैं। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से पूछा, "क्या आपके गांव में कोई पैसा पहुंचा है?" उन्होंने TMC पर तंज कसते हुए कहा कि छोटे-से-छोटे कामों की लिस्ट है। लेकिन पैसा गया कहां? TMC की सिंडिकेट के भेंट चढ़ गया है।" उन्होंने कहा कि TMC के भ्रष्टाचार की जड़ इतनी गहरी है कि "मोदी जी अगर 50 लाख करोड़ भी भेजें, तब भी वो गांवों तक नहीं पहुंचा है।" उन्होंने ये भी संकेत दिए कि BJP जल्द ही 8.37 लाख करोड़ रुपए के कामों की लिस्ट जारी करेगी।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**महानगर नेटवर्क**
**ढाका**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके दो वरिष्ठ अधिकारियों पर 2024 के छात्र-आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों का गंभीर आरोप लगाया गया है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को एक टेलीविजन सुनवाई में घोषणा करते हुए बताया कि इन लोगों ने जानबूझकर हिंसक दमन अभियान चलाया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने कहा कि ये हत्याएं योजनाबद्ध थीं। इसे नरसंहार भी कहा गया है। उन्होंने वीडियो साक्ष्यों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच एन्क्रिप्टेड संचार का हवाला देते हुए दावा किया कि शेख हसीना ने स्वयं सुरक्षा बलों, सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े संगठनों को यह कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस मामले में 81 लोगों को गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।



## पुल से नीचे गिरी पिकअप वैन, पांच की मौत

**मंडी।** रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक पिकअप वैन संतुलन बिगड़ने के बाद पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। पिकअप वैन में मौजूद एक शख्स बच गया जिसका घायल अवस्था में इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना तब हुई जब वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी में IIT कमांद जा रहा था। शुरुआती जांच के मुताबिक ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वह पुल की रेलिंग से जा टकराया।

## अब यूपी में जनता चुनेगी 'मुखिया नंबर-1'

**महानगर नेटवर्क**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार अब पंचायती व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार का लक्ष्य है कि जैसे देश में सांसद और विधायक को जनता सीधे चुनती है, वैसे ही अब ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी आम जनता के वोट से हो। वर्तमान प्रणाली में इन पदों का चुनाव पंचायत सदस्यों के जरिए होता है जिससे भ्रष्टाचार और सत्ता केंद्रीकरण जैसे आरोप लगते रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इस क्रांतिकारी विचार को अमलीजामा पहनाने की शुरुआत कर दी है। हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मसले पर विस्तार से बातचीत की। राजभर ने मुख्यमंत्री के सामने यह प्रस्ताव रखा कि अब समय आ गया है कि जनता को सीधे इन पदों पर अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया जाए। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाए ताकि प्रस्ताव तैयार कर उसे केंद्र सरकार को भेजा जा सके। इसका उद्देश्य ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को और अधिक जीवंत, पारदर्शी और सहभागी बनाना है।



उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक बदलाव के प्रस्ताव को लगभग अंतिम रूप दे चुकी है। जल्द ही इसे औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।




# क्रिकेटर रिंकू सिंह-सपा सांसद प्रिया की सगाई का मुहूर्त मिला



**महानगर नेटवर्क**
**वाराणसी**

जौनपुर की मछलीशहर से सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। 8 जून को लखनऊ के सेवन स्टार होटल में रिंग सेरेमनी होगी। शादी करीब 6 महीने बाद 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। यह जानकारी प्रिया के विधायक पिता तूफानी सरोज ने दी। उन्होंने बताया- रिंग सेरेमनी में रिंकू और मेरे परिवार के करीबी लोग मौजूद रहेंगे। जबकि शादी में राजनेता, फिल्म स्टार और उद्योगपतियों को निमंत्रण भेजा जाएगा। शादी पारंपरिक तरीके से होगी। जनवरी 2025 में रिंकू सिंह और प्रिया सरोज के रोके की खबर सामने आई थी। पिता तूफानी सरोज ने कहा था- बेटी की शादी रिंकू सिंह से तय हुई है और जल्द ही रिंग सेरेमनी की जाएगी।

**गौतम गंभीर-विराट कोहली सगाई में होंगे शामिल**

सूत्रों के मुताबिक सगाई में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़, अभिषेक नायर समेत कई क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। सभी को न्योता भेज दिया गया है।

पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड ने कबूला

## भारत की एयर स्ट्राइक में साथी के परखच्चे उड़ गए



**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा कमांडर सैफुल्लाह कसूरी ने भी माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे उड़ गए थे। इसके बाद कसूरी उसके जनाजे में भी नहीं शामिल हो सका और खूब रोया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके और पाकिस्तान स्थित लश्कर और जैश के नौ ठिकानों पर हवाई हमले करके 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसी हमले में लश्कर का आतंकी मुदस्सर भी मारा गया था। हाल ही में आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिजल हाशमी ने कुछ भड़काऊ तकरीरें दीं। इसी दौरान कसूरी ने कबूल किया कि उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके (जेयूडी/एलईटी मुख्यालय) पर की गई भारतीय एयर स्ट्राइक में उड़ गए थे।

# जनता के आंसू निकालने की तैयारी में प्याज

## बारिश के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान

**2,000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी की मांग**

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र में समय से पहले बारिश का आगमन हो गया। भारी बारिश के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ। प्याज उगाने वाले किसानों को भी भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए इस बार प्याज की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिल सकता है।

### पिछले महीने राज्य में भारी बारिश के कारण नुकसान

किसानों को हुए नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की भी मांग की गई है।

महाराष्ट्र में प्याज उत्पादकों के एक संगठन ने पिछले महीने राज्य में भारी बारिश के कारण किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है। महाराष्ट्र राज्य कांदा उत्पादक संगठन ने 29 मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा 'पारदर्शी' प्याज खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। महाराष्ट्र में मई में अभूतपूर्व बारिश हुई है।



### सीएम को लिखा पत्र

पत्र में कहा गया है कि जलगांव, धुले, नासिक, अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे, सोलापुर, बीड, धाराशिव, सांगली, बुलढाणा, अकोला, परभणी और जालना जैसे प्याज उत्पादक जिले बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत दिघोले और नासिक जिले के प्रमुख जयदीप भदाने की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि छह मई से भारी बारिश के कारण पूरे राज्य में प्याज की फसल को काफी नुकसान हुआ है। 'शिंदे का भ्रष्टाचार है टेंडर-ब्लंडर', आदित्य ठाकरे ने मांगा डिप्टी सीएम का इस्तीफा, कांग्रेस ने भी खोला मोर्चा

### लाख रुपए प्रति एकड़ मुआवजे की मांग

एसोसिएशन ने कहा कि कई किसानों ने अपनी पूरी रबी सीजन की फसल कटाई से पहले ही गंवा दी है। उन्होंने



इस नुकसान की भरपाई के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है। एसोसिएशन ने कहा है कि जो प्याज निकाल लिया गया था, लेकिन संग्रहीत नहीं किया जा सका था, वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। संगठन ने ऐसे किसानों के लिए 2,000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी की मांग की है, जिन्हें अपनी फसल कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# 7 विधायकों के पार्टी छोड़ने पर अजित पवार नाराज

## एनडीए की अगली बैठक में अजित पवार इस मुद्दे को उठाएंगे

महानगर संवाददाता

मुंबई

नागालैंड में एनसीपी अजित पवार गुट के सभी सात विधायक पाला बदलते हुए शनिवार (31 मई) को सत्तारूढ़ एनडीपीपी में शामिल हो गए। वहीं अब इस पर अजित पवार का बयान सामने आया है,उन्होंने कहा कि विधायकों ने मुझे बताया था कि उनके काम नहीं हो रहे हैं। डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, "कुछ समय पहले वे खुद मुझसे मिलने देवगिरी बंगले पर आए थे और अपनी बेचैनी जाहिर की थी,उन्होंने शिकायत की थी कि उनका कोई भी काम नहीं हो रहा है।"



**कोहिमा पहुंचेगा एनसीपी का दल :** वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बाद एनसीपी अजित पवार नेताओं का एक दल रविवार (1 जून) को शाम तक कोहिमा पहुंचेगा. यह दल पार्टी के नागालैंड यूनिट के नेताओं से बात कर डिटेल रिपोर्ट बनाएगा। इस रिपोर्ट को अजित पवार को सौंपा जाएगा।

### एनडीपी को पूर्ण बहुमत

बता दें एनसीपी के सात विधायकों के एनडीपीप में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली एनडीपीपी को 60 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिल गई। एनसीपी के विधायकों के पार्टी में शामिल होने के बाद नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (NDPP) के विधायकों की संख्या 25 से बढ़कर 32 हो गई है।

**एनसीपी का आरोप**

एनडीपीपी द्वारा एनसीपी में सेंधमारी करने से अजित पवार काफी नाराज हैं। एनसीपी का आरोप है कि एनडीपीपी ने उनकी पार्टी में पोचिंग कर गठबंधन धर्म का उल्लंघन किया है।

# सेना ने मुंबई में किया उच्च स्तरीय सुरक्षा अभ्यास

**मुंबई।** गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप के मद्देनजर भारतीय सेना ने मुंबई में एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी कि यह दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को कोलाबा के सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में हुआ। बयान में कहा गया, गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप और वर्तमान बढ़े हुए सुरक्षा माहौल के जवाब में भारतीय सेना ने एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया। इस दो दिवसीय अभ्यास में सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस ने भाग लिया। बयान में कहा गया, इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करना, संचालन की तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिस्थितियों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को परखना था। अभ्यास में कई तरह की मुश्किल परिस्थितियां तैयार की गईं, जैसे कि टीमों का मिलकर जल्दी और सही तरीके से काम करना, इलाके की सुरक्षा करना, खतरों को खत्म करना, घायल लोगों को जल्दी सुरक्षित जगह पर ले जाना और सभी टीमों का एक साथ काम करना।

### भिवंडी में डकैती की साजिश नाकाम

# चार गिरफ्तार, BMW कार और हथियार बरामद

महानगर संवाददाता

भिवंडी

शहर में डकैती की तैयारी कर रहे चार लोगों के एक गिरोह को शांतीनगर पुलिस ने समय रहते गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक लग्जरी BMW कार, दो देसी कट्टे, दो पिस्टल समेत कुल 17.35 लाख का सामान जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के दरभंगा और भिवंडी के रहने वाले हैं। गिरोह का एक सदस्य मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की मध्यरात्रि को शांतीनगर पुलिस थाने की टीम वंजारपट्टी नाका क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान शानदार मार्केट के पास



खुले मैदान में कुछ संदिग्ध लोगों के डकैती की तैयारी में होने की सूचना मिली। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही टीम संदिग्ध बीएमडब्ल्यू कार (MH-02 BZ 5671) के पास पहुंची, कार चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता से पीछा कर कार को रोका। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि चार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें शोएब शाहिद शेख (23), नौशाद मक्सूद आलम खान (22),अफताब अफसर शेख (21) और शहाबुद्दीन अलीमुद्दीन अंसारी का समावेश है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टे, दो पिस्टल, एक लोहे की कटर, लोहे की रॉड, रस्सी, तीन कपड़े के मास्क, मिर्ची पाउडर, सफेद रंग के चार जोड़ी हैंड ग्लव्स, चाकू, सेलो टेप, मोबाइल फोन और BMW कार जब्त की। चारों आरोपियों के खिलाफ शांतीनगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्हें शनिवार को भिवंडी न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें 4 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे कर रहे हैं। पुलिस फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। समय रहते की गई इस कार्रवाई से भिवंडी शहर में संभावित बड़ी वारदात टल गई है।

# निजी बस पलटने से एक की मौत, तीन घायल




महानगर संवाददाता

पालघर

पालघर के पास धुंधलवाड़ी में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर बीती रात को एक टेम्पो और निजी बस में टक्कर हो जाने के बाद बस पलट जाने से बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में घायल तीन यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को देर रात पालघर जिले के धुंदलवाड़ी क्षेत्र में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर एक निजी बस और टैम्पो में जोरदार टक्कर हो गई।

इसके बाद निजी बस पलट गई, जिससे बस चालक रियाज की मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार तीन यात्री घायल हो गए। तीनों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां तीनों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत बस चालक का शव सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अजित पवार और शरद पवार ने की अकेले में बैठक, सियासी हलकों में चर्चाएं शुरू

**मुंबई।** पुणे में एक तस्वीर ने सूबे की सियासत को गरमा दिया. रविवार (1 जून) को यहां शरद पवार और अजित पवार की कुछ देर अकेले में मुलाकात हुई. इस मीटिंग के बाद सियासी हलकों में कई तरह चर्चाएं शुरू हो गईं. ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले कुछ समय से चाचा-भतीजे के साथ आने की अटकलें लगाईं जा रहीं थी. ऐसे में इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं. दरअसल, पुणे में लगभग हर महीने शुगर कोआपरेटिव समूह की बैठक होती है. इसी बैठक में अजित पवार, दिलीप वलसे पाटील, शरद पवार सभी लोग मौजूद होते



है. इसी मीटिंग में अजित पवार और शरद पवार सहित अन्य बड़े नाम एक साथ थे. जब मीटिंग खत्म हुई और टी ब्रेक होने लगा तक तब अजित पवार और शरद पवार के उसी मीटिंग वाली जगह पर 5-7 मिनट बात करते नजर आए.

**मीटिंग के क्या क्या हुआ?**

शरद पवार ने रविवार को एक अहम बैठक की, जिसमें इस बात पर चर्चा हुई कि चीनी (शक्कर) उत्पादन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक का इस्तेमाल किस तरह से किया जा सकता है. यह बैठक करीब दो घंटे तक चली. इस संदर्भ में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा. यह पायलट प्रोजेक्ट बारामती के सोमेश्वर कारखाना, बारामती बैंक और AI संस्था के माध्यम से शुरू किया जाएगा. बैठक में यह चर्चा हुई कि यदि गन्ने के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है, तभी AI को भुगतान किया जाएगा. इस बैठक में शरद पवार, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, जयंत पाटील, दिलीप वलसे पाटील, राजेश टोपे, बालासाहेब थोरात, हर्षवर्धन पाटील सहित AI से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित थे.

# तालाब में डूबने से चार लड़कों की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले के चाकन के पास पाझर तालाब में तैरते समय डूबने से चार किशोर लड़कों की मौत हो गई है। इन चारों के शव पुलिस ने रविवार को सुबह सरकारी अस्पताल में भेज दिए हैं। पुलिस के अनुसार पुणे के मेदंकरवाड़ी के रहने वाले चार किशोर लड़के शनिवार शाम को चाकन के पास पाझर तालाब में तैरने गए थे। पानी का अंदाज न होने की वजह से चारों लड़के तालाब में डूब गए। देर रात तक जब लड़के घर नहीं लौटे तो घर वालों ने इसकी जानकारी चाकन पुलिस को दी। चाकन पुलिस ने रविवार तड़के चारों लड़कों मकार बाबासाहेब हांगे, श्लोक जगदीश मानकर, प्रसाद शंकर देशमुख और नैतिक गोपाल मोरे के शव बरामद कर लिए।

# जिला परिषद स्कूलों में बढ़ेगी रौनक

## नामांकन बढ़ाने की ठाणे शिक्षा विभाग की अनोखी पहल

महानगर संवाददाता

ठाणे

ठाणे जिला परिषद अंतर्गत आने वाले स्कूलों में विद्यार्थियों की घटती संख्या को देखते हुए शिक्षा विभाग ने नामांकन बढ़ाने की दिशा में कमर कस ली है। इस वर्ष अभिभावकों को आकर्षित करने और बच्चों को शासकीय स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए विभाग ने व्यापक योजना तैयार की है। इसके तहत प्रत्येक तालुका में सीटों की संख्या बढ़ाने की रणनीति पर काम शुरू हो चुका है, जिससे अधिक से अधिक छात्र नामांकित हो सकें।

बता दें कि अंबरनाथ, भिवंडी, कल्याण, मुरबाड और शाहपुर जैसे तालुकों में




हजारों सीटों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। भिवंडी में सबसे अधिक 21,641 सीटें तय की गई हैं, जबकि शाहपुर में 20,331 सीटें उपलब्ध होंगी। यह प्रयास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुविधाजनक स्कूल वातावरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर अभिभावकों में विश्वास जगाने का भी उद्देश्य रखा गया है। शिक्षकों को इस अभियान का प्रमुख दूत बनाया गया है। वे घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं और स्कूलों की विशेषताओं के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। साथ ही शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे सितंबर तक विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शिक्षा विभाग का यह प्रयास केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका दीर्घकालिक लक्ष्य सरकारी स्कूलों की साख को फिर से स्थापित करना है। 'दिशा' जैसे नवाचारों के कारण इन स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जिसे अब जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है।

# विभिन्न योजनाओं और उपक्रमों का उद्घाटन

**वसई।** वसईवासियों के लिए रविवार का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी रहा। वसई-विरार शहर में विधायक स्नेहा दुबे पंडित के हाथों विभिन्न योजनाओं और उपक्रमों का भव्य उद्घाटन किया गया। वसई-विरार महानगरपालिका की ओर से अर्नाला से विरार (चालपेठ, पुरापाडा) मार्ग पर नए बस मार्ग का उद्घाटन विधायक स्नेहा दुबे पंडित के हाथों सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वसई-विरार शहर महानगरपालिका की परिवहन सेवा की सभी बसों में सफर करने वाली महिलाओं के लिए विशेष छूट की घोषणा की गई। महिला यात्रियों को यात्रा के दौरान टिकट दर में 50 प्रतिशत की रियायत प्रदान की जाएगी। यह निर्णय महिलाओं की सुरक्षित,सुलभ और सम्मानजनक यात्रा की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। मुलगांव चर्च के सामने, खोचीवडे रोड, वसई पश्चिम में प्रमिला गेर के नए मेडिकल स्टोर 'आर्थर केमिस्ट अँड ड्रगिस्ट' का उद्घाटन भी विधायक स्नेहा दुबे पंडित के हाथों संपन्न हुआ। यह सुविधा नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कीचड़, धूल और अव्यवस्था में घिरा मेट्रो प्रोजेक्ट

## टिकुजिनी वाडी के नागरिकों में आक्रोश

महानगर संवाददाता

ठाणे

बोरीवली मेट्रो सुरंग परियोजना का कार्य टिकुजिनी वाडी क्षेत्र में जोरों से जारी है,लेकिन इसके दुष्परिणामों से स्थानीय नागरिक त्रस्त हो चुके हैं। सुरंग खुदाई के लिए उपयोग की जा रही विशाल मशीनों,भारी मलबे और सड़क पर फैली कीचड़ ने लोगों का जनजीवन मुश्किल बना दिया है। बारिश शुरू होते ही समस्या और भी विकराल हो गई है। बता दें कि काम से उठने वाली धूल और ध्वनि प्रदूषण के कारण नीलकंठ



ग्रीन जैसे रिहायशी क्षेत्रों में रहना दूभर हो गया है। कीचड़ से ढकी सड़कों पर चलना तो दूर,वाहन चलाना भी जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदारों ने परियोजना की गति तो तेज कर दी,लेकिन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कोई भी पुख्ता व्यवस्था नहीं की। जनवरी में शुरू हुआ पाइलिंग का काम मार्च में पूरा होना था, लेकिन मलबे और अव्यवस्था के चलते अब मई भी गुजर चुका है और कार्य अभी भी अधूरा है। इंजीनियरों का कहना है कि इसमें दो महीने और लग सकते हैं। वहीं, अप्रैल में शुरू होने वाली सुरंग खुदाई का कार्य अब मानसून के बाद शुरू किया जाएगा।हालात इतने बिगड़ गए हैं कि नागरिकों ने अब इस कार्य के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। स्थानीय नेताओं के साथ मिलकर एमएमआरडीए के अधिकारियों से बैठकें भी हुईं, कुछ सुझाव भी दिए गए, लेकिन ठोस परिणाम नहीं निकला। ठेकेदारों ने अब बाहर से लोगों को काम पर रखकर कार्य करना शुरू कर दिया है, जिससे स्थानीय लोगों की भागीदारी और संवाद लगभग समाप्त हो गया है।

**स्थानियों का सवाल**

स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि क्या किसी विकास परियोजना के लिए आम जनता की सुरक्षा और शांति को बलिदान करना जरूरी है? मेट्रो प्रोजेक्ट को भले ही वरदान बताया जा रहा हो, लेकिन फिलहाल यह टिकुजिनी वाडी के लोगों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गया है।

# कोर्ट के निर्देश पर मनपा ने भूखंड को कराया खाली

**मुंबई।** हाईकोर्ट के निर्देश पर मनपा जी दक्षिण वार्ड ने लगभग 25 साल पूर्व कब्जा किए गए भूखंड को खाली कराया। मनपा अधिकारियों ने झोपड़ों को हटाकर सम्पत्ति विभग को जमीन वापस सौंप दी। बता दें कि जून 1982 में जी साउथ वार्ड के लोअर परेल डिवीजन स्थित सीएस नं. 884 की भरिची चाल में रहने वाले मनपा के 36 किरायेदारों को एस. जी. बारवे नगर, आर. बी. कदम मार्ग,घाटकोपर में स्थित 130 टेनमेंट्स वाली डी और ई इमारत में पुनर्वसित किया गया था। मनपा के किरायेदारों द्वारा खाली हुए घरो में 1999 से मनपा के आपातकालीन सेवा देने वाले मजदूरों ने अस्थायी रूप से निवास करना शुरू दिया था। यह मजदूर



मनपा की आपात सेवाओं में कार्यरत थे। इस बीच मामला कोर्ट में गया। हाईकोर्ट ने उक्त भूखंड खाली कराने का निंर्देश दिया। मनपा जी दक्षिण वार्ड ने उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए और मनपा उपयुक्त इंप्रूवमेंट के निर्देश पर जी साउथ वार्ड की सहायक आयुक्त स्वप्नजा क्षीरसागर के नेतृत्व में रहवासियों को पर्यायी जगह देकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

# पूर्व वस्त्र उद्योग मंत्री के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने दुबई का दौरा किया

**मुंबई/सोलापुर।** सोलापुर शहर और जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक व पूर्व वस्त्र उद्योग मंत्री सुभाष देशमुख के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने हाल ही में दुबई का दौरा किया। यह यात्रा सोलापुर सोशल फाउंडेशन और उद्यम फाउंडेशन, सोलापुर विश्वविद्यालय की पहल पर आयोजित की गई। सोलापुर को अंतरराष्ट्रीय 'यूनिफॉर्म हब के रूप में विकसित करने की दिशा में यह दौरा एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। महाराष्ट्र के ऐसे शिष्टमंडल का दुबई जाना यह पहली बार है और इसमें यूनिफॉर्म गारमेंट, चादर, टॉवेल,




आईटी क्षेत्र, साइबर सुरक्षा, कृषि उत्पादन, बचत समूहों के उत्पादों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों का समावेश था। शिष्टमंडल का उद्देश्य था कि सोलापुर के उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाई जाए और स्थानीय उद्योगों का गुणवत्तापूर्ण विकास हो। इस दौरे के दौरान डे टू डे स्टोर्स, बिगमार्ट, हाइपरमार्केट, चिटग्राम फूड मार्केट जैसे 30 से अधिक अग्रणी उद्यमों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर व्यापारिक संभावनाओं पर चर्चा की गई। सैंपलिंग के माध्यम से निर्यात को लेकर भी सकारात्मक बातचीत हुई। इस दौरान सोलापुर "दुबई बिजनेस फोरम" स्थापित करने का निर्णय लिया गया, जो दुबई में सोलापुर के उद्यमियों को संपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

# समृद्धि के अंतिम चरण का उद्घाटन 5 जून को होगा

महानगर संवाददाता

मुंबई

नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग के 76 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन आखिरकार समय पर हो गया है। गुरुवार 5 जून को इगतपुरी में एक समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस हिस्से का उद्घाटन करेंगे। गुरुवार को ही इस हिस्से को सेवा में शामिल कर लिया जाएगा। मुंबई और नागपुर के बीच यात्रा का समय 16 घंटे से घटाकर आठ घंटे करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास बोर्ड द्वारा 701 किलोमीटर



लंबे नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग का निर्माण किया गया है। नागपुर से इगतपुरी तक इस राजमार्ग का 625 किलोमीटर लंबा हिस्सा वर्तमान में सेवा में है।

# महावितरण भांडुप मंडल में 'रन फॉर सेफ्टी' मैराथन का आयोजन

**भांडुप।** महावितरण की वर्षगांठ के अवसर पर 'शून्य दुर्घटना महावितरण, शून्य दुर्घटना महाराष्ट्र' की अवधारणा के साथ 1 से 6 जून तक विद्युत सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रविवार को भांडुप मंडल में 'रन फॉर सेफ्टी' मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों, उनके परिवारों और उत्साही धावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भांडुप




मंडल के मुख्य अभियंता संजय पाटिल, मुख्यालय से उपस्थित महाप्रबंधक (मा सम) राजेंद्र पांडे, ठाणे मंडल के अधीक्षण अभियंता युवराज मेश्राम, पेण मंडल के अधीक्षण अभियंता धनराज बिक्कड़, भांडुप मंडल के सहायक महाप्रबंधक (वी एंड ले) प्रवीण राहंगडाले, सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त, अपराध शाखा, प्रकाश वाणी, ठाणे मंडल के सभी कार्यकारी अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नाशिक कुंभ मेले की तिथियों की आधिकारिक घोषणा

## पर्व की शुरुआत 31 अक्टूबर 2026 को ध्वजारोहण के साथ होगी

**मुंबई/ नासिक।** नासिक में आयोजित होने वाले कुंभ मेले की तारीखों की घोषणा रविवार 1 जून को की गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस बैठक के लिए नासिक जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। नासिक जिला कलेक्टर कार्यालय में सिंहस्थ कुंभ मेला को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साधु महंत के साथ आगामी कुंभ मेला आयोजन पर चर्चा की। इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ सभी 13 अखाड़ों के प्रमुख और दो-दो साधु-महंत मौजूद थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री को कुंभ मेले की तिथियों के बारे में जानकारी दी गई है।



**नासिक कुंभ मेला अमृत स्नान**
पहला अमृत स्नान – 2 अगस्त 2027
दूसरा अमृत स्नान – 31 अगस्त 2027
तीसरा अमृत स्नान – 11 सितंबर 2027

**बैठक के दौरान की घोषणा**

मुख्यमंत्री का यह दौरा आगामी कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा करने और स्थानीय प्रशासनिक और धार्मिक नेताओं से बातचीत करने के उनके कार्यक्रम का हिस्सा है। आगामी नासिक कुंभ मेले की तिथियों की आधिकारिक घोषणा रविवार 1 जून को नासिक जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान की गई। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की जो धार्मिक महापर्व की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नासिक आए थे। सिंहस्थ कुंभ मेले की योजना पर केंद्रित उच्च स्तरीय बैठक में प्रमुख धार्मिक नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सभी 13 अखाड़ों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों (दो-दो) के साथ-साथ वरिष्ठ सरकारी और जिला अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

### शाही स्नान की तारीखों का होगा ऐलान

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को कुंभ मेले से जुड़े कार्यक्रम और अनुष्ठानों, विशेष रूप से पवित्र शाही स्नान (शाही स्नान) की तिथियों के बारे में जानकारी दी गई, जिसे अमृत स्नान भी कहा जाता है। ये स्नान अनुष्ठान कुंभ मेले के सबसे महत्वपूर्ण आयोजन हैं, जिनमें देश भर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। नासिक और त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेले के दो प्रमुख स्थान दोनों के लिए शाही स्नान की तिथियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और जल्द ही आधिकारिक तौर पर जनता के लिए विस्तृत जानकारी जारी की जाएगी। सरकार से उम्मीद है कि वह पवित्र आयोजन के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता और परिवहन सुविधाओं सहित बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू करेगी।

# दुर्लभ और संरक्षित जीवों की तस्करी का भंडाफोड़

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई , एक भारतीय नागरिक गिरफ्तार

### 52 जीवित दुर्लभ जीव बरामद

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI) मुंबई पर कस्टम अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई की. अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर दुर्लभ और संरक्षित जीवों की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो थाई एयरवेज की फ्लाइट संख्या TG317 से बीते 31 मई (रविवार) को मुंबई पहुंचा था। बताया जा रहा है कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद कस्टम विभाग के अधिकारियों ने आरोपी यात्री को एयरपोर्ट पर रोका और उससे पूछताछ की। इस दौरान यात्री की घबराहट और संदेहास्पद व्यवहार के चलते उसके सामान की तलाशी ली गई, जब अधिकारियों ने उसका बैग खोला तो उसके अंदर कुल 52 जीवित और मृत दुर्लभ जीव बरामद किए.



### कस्टम एक्ट के तहत मामला दर्ज

उक्त जीवों की बरामदगी रविवार (1 जून) को बनाए गए पंचनामा के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए यात्री के खिलाफ कस्टम एक्ट 1962 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कस्टम विभाग की तरफ से बताया गया है कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और इसमें अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के जुड़ाव की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**आरोपी से पूछताछ जारी**

माना जा रहा है कि आरोपी युवक के साथ इस काम में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है आरोपी इन जीवों को कहां से लाया था और कहां ले जाने की कोशिश कर रहा था।

# राज्य में बढ़ेंगे मलेरिया–डेंगू के मरीज

## तीन साल में 60 हजार से ज्यादा मरीज मिले

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र में पिछले तीन सालों में मानसून के मौसम में मलेरिया,डेंगू, चिकनगुनिया जैसी महामारी संबंधी बीमारियों के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों का कहना है कि इस साल बेमौसम बारिश के कारण राज्य में मलेरिया-डेंगू का संकट और गहराएगा। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि पिछले तीन सालों में 60 हजार से ज्यादा डेंगू-मलेरिया के मरीज मिले हैं। मनपा के डॉक्टरों का कहना है कि इस साल भी मुंबई में मलेरिया-डेंगू समेत महामारी संबंधी बीमारियां बड़ी संख्या में बढ़ेंगी।

**2022 में मलेरिया से 26 लोगों की मौत हुई :** 2022 में राज्य में मलेरिया के 15451 मरीज मिले और 26 लोगों की मौत हुई। 2023 में मलेरिया के 16158 मरीज मिले और 14 लोगों की मौत हुई। 2024 में अप्रैल तक 21078 मरीज दर्ज किए गए और 26 लोगों की मौत हुई। मुंबई और गढ़चिरौली में सबसे ज्यादा मलेरिया के मरीज दर्ज किए गए हैं। इस दौरान डेंगू के मामले भी बड़ी संख्या में सामने आए हैं, 2022 में 8578 मामले सामने आए और 27 मौतें हुईं। 2023 में 19034 मामले सामने आए और 55 लोगों की डेंगू से मौत हुई। 2024 में यही संख्या बढ़कर 19382 हो गई।




### महामारी फैलने की आशंका

इसके साथ ही पिछले तीन सालों में चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार 2022 में 1087 मामले, 2023 में 1702 मामले और 2024 में चिकनगुनिया के 5854 मामले सामने आए। इस साल मई के अंत में राज्य में हुई बेमौसम भारी बारिश के कारण मुंबई, नागपुर, ठाणे और गढ़चिरौली इलाकों में महामारी फैलने की आशंका है। मुंबई–ठाणे शहरों में चल रहे निर्माण कार्य और सीमेंट की सड़कों के निर्माण के कारण जगह–जगह पानी जमा होने और महामारी फैलने की आशंका डॉक्टर जता रहे हैं। मुंबई में पहले से ही सर्दी–जुकाम और बुखार के मरीज बड़ी संख्या में आ रहे हैं और यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि कौन से मरीज कोरोना के मरीज हैं और कौन से महामारी के मरीज हैं। राज्य में स्वास्थ्य विभाग ने महामारी संबंधी बीमारियों और मच्छरों पर नियंत्रण के लिए छिड़काव, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गप्पी मछली छोड़ने आदि जैसे जागरूकता अभियान चलाने शुरू कर दिए हैं,जबकि मुंबई नगर निगम ने मच्छर उन्मूलन अभियान को और अधिक आक्रामक तरीके से लागू करने का फैसला किया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और मुंबई नगर निगम नागरिकों से उचित देखभाल करने की अपील कर रहा है।

# आईएमडी ने दी चेतावनी: 10 जून तक नहीं लौटेगा मानसून

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पिछले सप्ताह हुई जोरदार मानसूनी बारिश के बाद अब आईएमडी ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि आने वाले कुछ दिनों में बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी आईएमडी ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि बदलते मौसम के कारण मानसून की गति धीमी हो गई है और अब यह पूरी तरह से रुक गया है और 10 जून तक बारिश की बहुत कम संभावना है। आने वाले कुछ दिनों में बारिश में कमी के साथ-साथ आईएमडी ने यह भी कहा कि मुंबई में आए बादलों के 10 जून के बाद प्रभावी होने का अनुमान है। रिपोर्ट्स के अनुसार,



इस अवधि के दौरान पश्चिमी तट और महाराष्ट्र राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। मुंबई क्षेत्र में मानसून की बारिश में इस लंबे अंतराल से सिंचाई गतिविधियों पर बहुत असर पड़ेगा। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों द्वारा किसानों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है,मामले को गंभीरता से लेते हुए, संबंधित विभागों और एजेंसियों ने किसानों से महाराष्ट्र में मानसून के प्रभावी होने तक इंतजार करने और फसलों की बुवाई में जल्दबाजी न करने का आग्रह किया है। मानसून में अचानक आई गिरावट से पता चलता है कि राज्य भर में तापमान में भारी वृद्धि हो सकती है। वहीं मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि विदर्भ क्षेत्र में दिन के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

### तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद

खानदेश और मराठवाड़ा क्षेत्रों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह सोमवार को भारी बारिश ने शहर को अस्त–व्यस्त कर दिया था,अब गर्मी आने वाले दस दिनों के लिए दैनिक यात्रियों और किसानों के जीवन को चुनौतीपूर्ण बनाने का समय है। मानसून के समय से पहले आने के बाद भारी प्री–मानसून बारिश से प्रेरित होकर सब्जियों और अन्य वस्तुओं की कीमतों में अचानक उछाल ने उपभोक्ताओं को घरेलू बजट को संतुलित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। पहले से ही उच्च ईंधन की कीमतों,बढ़ती शिक्षा फीस और परिवहन खर्च से बोझिल लोगों के लिए यह अतिरिक्त खर्च एक गंभीर झटका है।

# टोरेस मामले में चार्जशीट दाखिल

## 4.25 करोड़ रुपए निवेश कर 177 करोड़ रुपए का गबन

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में खुलासा हुआ है कि राज्य में 14,157 निवेशकों को ठगकर टोरेस घोटाले में 177 करोड़ रुपए कमाने वाले फरार यूक्रेनी आरोपियों ने इसके लिए 4.35 करोड़ रुपए का निवेश किया था। खुलासा हुआ है कि इसके लिए दो फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किया गया और उनके जरिए नकली नोट भारत में भेजे गए। इस मामले के संदिग्ध मास्टरमाइंड ओलेना स्टोयान, विक्टोरिया कोवलेंको, मुस्तफा कराकोच, ओलेक्सांद्र बोराविक, ओलेक्सांद्र जैपिचेंको उर्फ एलेक्स, ओलेक्सांद्र ब्रुनकिव्स्का, ओलेक्सांद्र ट्रेडोखिब, आर्टेम ओलीफार्चुक और इउ चेंको के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। ईडी की जांच के अनुसार, आरोपी लल्लन जमेदार सिंह की कंपनियों एस्ट्रोजेन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड और प्रीसाह एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी कंपनियों के जरिए इस धोखाधड़ी की जड़ प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड में कुल 4.5 करोड़ रुपये और 3.9 करोड़ रुपये का निवेश किया। ईडी की जांच में पता चला है कि यह निवेश मामले के मुख्य आरोपी ओलेक्सांद्र जैपिचेंको उर्फ एलेक्स द्वारा दिए गए नकद के बदले में किया गया था।

# आज से जैन समुदाय के विकास में एक नया अध्याय शुरू : लोढ़ा

## जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के कार्यालय का उद्घाटन

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि सरकार जैन समुदाय के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है, आज से जैन समुदाय के विकास का एक नया अध्याय शुरू हो गया है.जैन समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। रविवार को मुंबई के मल्होत्रा हाउस बिल्डिंग में जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के कार्यालय का उद्घाटन के बाद वे बोल रहे थे। लोढ़ा ने कहा कि सरकार जैन समुदाय के विकास



और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। महामंडल के समुचित और प्रभावी कामकाज के लिए सभी आवश्यक चीजें पूरी की जाएंगी। इस मौके पर महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी ने महामंडल के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

# मंत्री नितेश राणे के लिए राहत भरी खबर

## अधिकारी को धमकाने ,गाली देने के आरोप से बरी

**मुंबई।** सिंधुदुर्ग की एक अदालत ने 2017 के एक मामले में भाजपा के मंत्री नितेश राणे और 30 अन्य को बरी कर दिया है। इसमें उन पर एक सरकारी अधिकारी पर मछली फेंकने के साथ-साथ उसे गाली देने और धमकाने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने फैसले में कहा कि वस्त ने अपनी गवाही में यह नहीं कहा कि राणे ने उनपर मछली फेंकी।

**क्या था आरोप?**

अभियोजन पक्ष के अनुसार, राणे और लगभग 100 अन्य



लोग उस साल छह जुलाई को मत्स्य विभाग में सहायक आयुक्त प्रदीप वस्त के मालवन कार्यालय में क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर बात करने के लिए घुसे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया और फिर उनपर मछली फेंकी जो उनके गाल पर लगी। राणे और अन्य ने मछली पकड़ने वाली नावों को कथित तौर पर जलाने की भी धमकी दी।

**कोर्ट ने क्या कहा?**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (सिंधुदुर्ग) की अदालत ने 21 मई को फैसला सुनाया जिसका विवरण रविवार को उपलब्ध कराया गया है। अदालत ने फैसले में कहा कि वस्त ने अपनी गवाही में यह नहीं कहा कि राणे ने उनपर मछली फेंकी। अदालत ने कहा कि साक्ष्य के अनुसार, राणे के साथ पहुंचे लोगों ने अधिकारी पर मछली फेंकी।

# सीएसएमटी की रुस्तम बिल्डिंग में लगी भीषण आग

**मुंबई।** सीएसएमटी में फ्लोरा फाउंटेन के पास रुस्तम बिल्डिंग में शनिवार रात करीब 10 बजे भीषण आग लग गई। आग में कोई हताहत नहीं हुआ,आग बिल्डिंग में मौजूद बाटा शोरूम तक फैल गई, जिससे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। वहीं, संबंधित नगर निगम विभाग कार्यालय के कर्मचारी, पुलिस और बेस्ट के कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। आग की बढ़ती तीव्रता को देखते हुए रात 10:21 बजे दमकल विभाग ने आग को बड़ी आग (नंबर 1) घोषित कर दिया। आग बिल्डिंग में मौजूद बिजली के सिस्टम और बिजली के तारों तक फैल गई थी।

# 'ब्राह्मण समाज का काम दूध में चीनी की तरह'

## नाशिक में परशुराम भवन का फडणवीस ने किया उद्घाटन

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ब्राह्मण समाज का काम दूध में चीनी की तरह है,जहां जाता है वहां घुल -मिल जाता है। ब्राह्मण समाज ऐसा समाज जो सभी जाति और धर्म को साथ में लेकर चलने का काम करता है। रविवार को नासिक में चितपावन ब्राह्मण संगठन द्वारा बनाए गए परशुराम भवन का उद्घाटन करने के बाद वे बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा कि चितपावन समाज का इतिहास है, इस समाज ने हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। स्वतंत्रता आंदोलन,कला और साहित्य के क्षेत्र के अलावा हर क्षेत्र में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज के 10 नाम 3-4 नाम चितपावन समाज से आएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में, संख्या महत्वपूर्ण है, ब्राह्मणों को उंगलियों पर गिना जा सकता है, लेकिन ब्राह्मण समाज ऐसा समाज है जो दूध में चीनी की तरह घुल -मिल जाता है.परशुराम भवन का उद्घाटन के लिए बुलाए जाने पर फडणवीस ने चित्तपावन ब्राह्मण संघ को बधाई दी, और कहा कि बहुत सुंदर भवन बना है, मुझे इसका उद्घाटन करने का मौका देने के लिए संगठन का धन्यवाद, आज अमृत स्नान की तारीखों की घोषणा होनी थी, मैं उसके लिए आया था।

# संजय निरुपम ने कांग्रेस को दी नसीहत

## बोले - कांग्रेस बचना चाहती है तो अपनी नीतियों पर काम करे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस को बड़ा सलाह दे दी है। संजय निरुपम ने दावा किया है कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। उनका कहना है कि अगर कांग्रेस बचना चाहती है तो अपनी नीतियों पर काम करे, वरना ये संभव नहीं हो पाएगा। दरअसल, शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। साथ ही उसे नसीहत भी दी है। संजय निरुपम ने कहा कि धारा 370 हटाना एक सही और साहसिक निर्णय था, जिससे कश्मीर में शांति और विकास की राह खुली है। साल 2019 के बाद वहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए और बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया। यह दर्शाता है कि



धारा 370 हटाने का निर्णय सफल रहा।

**'कांग्रेस से दूर हो रहे बड़े नेता'**

वहीं, संजय निरुपम ने आगे कहा कि सलमान खुर्शीद ने भी इसे सही ठहराया, जो स्वागत योग्य है। कांग्रेस अब सिर्फ मोदी विरोध की राजनीति कर रही है। इसी वजह से सलमान खुर्शीद, पी चिदंबरम, आनंद शर्मा जैसे अनुभवी नेता उससे दूर होते जा रहे हैं।

संजय राउत ने राहुल गांधी की पार्टी को नसीहत देते हुए कहा है कि कांग्रेस ने अगर अपनी नीतियां नहीं बदलीं, तो उसका अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। इससे पहले संजय निरुपम ने कांग्रेस नेताओं ने तब जमकर निशाना साधा था, जब पार्टी नेता शशि थरूर के विरोध में बयान दे रहे थे। संजय निरुपम का कहना था कि एक ओर शशि थरूर दुनियाभर में पाकिस्तान की पोल खोल रहे हैं, दूसरी ओर भारत में ही कांग्रेस नेता उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। संजय निरुपम का कहना था कि जब मुद्दा राष्ट्र का हो तो कांग्रेस को दलगत राजनीति से ऊपर उठ जाना चाहिए। उदित राज और पवन खेड़ा के बयान से साबित होता है कि कांग्रेस के अंदर पनप रही कुंठा अब बाहर आ रही है।

# ठाणे में फिर मिले 5 कोरोना मरीज

## कुल संक्रमितों की संख्या 108 हुई



**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में कोरोना संक्रमण की रफ्तार फिर हल्की सी तेज हुई है। रविवार को ठाणे में 5 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई, जिससे अब तक के कुल मामलों की संख्या 108 पर पहुंच गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि अधिकांश मरीजों की हालत स्थिर है और उनका उपचार जारी है। बता दें कि मनपा के अनुसार, आज मिले नए मरीजों को मिलाकर अब तक 108 लोग कोरोना संक्रमित पाए जा चुके हैं। इनमें से 59 मरीजों ने सफलतापूर्वक 5 दिनों का होम आइसोलेशन पूरा कर लिया है और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। वर्तमान में 16 मरीजों का इलाज अस्पतालों में किया जा रहा है। इनमें से 13 मरीजों को शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों में भर्ती किया गया है, जबकि 3 मरीजों का उपचार छत्रपती शिवाजी महाराज रुग्णालय, कळवा में चल रहा है। मनपा का दावा है कि सभी अस्पताल में भर्ती मरीजों की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में वे धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। इसके अलावा, 32 मरीज फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं और उनकी भी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मनपा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार मरीजों की निगरानी की जा रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट आला हेरिटेज टूर

## पहली 100 बुकिंग पर 5% की छूट , 9 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होगी

**मुंबई।** आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कोंकण रेलवे नेटवर्क पर मानगांव रेलवे स्टेशन के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का



राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर, पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे में होटल में रात बिताएंगे।

जैसा कि नाम से पता चलता है, लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था जहाँ लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई ने बनवाया था। तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे - छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क। पर्यटक मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद

मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवनेरी किला जुन्नार शहर के ऊपर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है।

# उल्हासनगर में 17 लाख रुपये की एमडी जब्त

**उल्हासनगर।** ठाणे क्राइम ब्रांच के मादक पदार्थ निरोधक दस्ते ने उल्हासनगर के पास भाल के सीताराम म्हात्रे नगर इलाके से 17 लाख रुपए की मेफेड्रोन जब्त की है। इस संबंध में हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने संजय रेवगड़े और साहिल किरण कंगने नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास मिली ड्रग्स हैरान करने वाली है। उल्लेखनीय है कि उल्हासनगर जोन 4 इलाके में पिछले कुछ दिनों में ड्रग्स के सेवन और बिक्री को लेकर कई मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन क्राइम ब्रांच द्वारा की गई कार्रवाई स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े करती है। पिछले कुछ दिनों से जोन 4 में ड्रग्स की बिक्री, परिवहन और सेवन की दर बढ़ गई है। देखा गया है कि उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में युवा पीढ़ी ड्रग्स की आदी हो गई है। कई युवाओं को सार्वजनिक शौचालयों, खुले मैदानों और सुनसान जगहों पर गांजा नामक मादक पदार्थ का सेवन करते हुए पुलिस ने पकड़ा है। इनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने आरोप लगाया था कि अंबरनाथ में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की बिक्री हो रही है।

युको बँक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

**निविदा सूचना**
**किराए पर कैश वैन की आवश्यकता**

यूको बैंक, पुणे अंचल के अंतर्गत शाखाओं के नकदी प्रेषण हेतु प्रतिष्ठित निजी सुरक्षा एजेंसियों (पीएसए) से किराए पर कैश वैन, आर्म गार्ड और लोडर उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा दस्तावेज और अन्य विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.ucobank.com** पर उपलब्ध है या अंचल कार्यालय अथवा मोबाईल नम्बर ९४६१६७४२९७ से प्राप्त की जा सकती है। निविदा यूको बैंक, अंचल कार्यालय, गली नम्बर ४, सहकारनगर १, पुणे –४११००९ को २७ जून, २०२५ शाम ०५ बजे तक या उससे पहले जमा की जा सकती है।

मुख्य प्रबन्धक

# भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर पड़ेगा ट्रेड वार का असर

अमेरिका ने ग्लोबल ट्रेड वॉर के क्षेत्र में एक फैसला लिया है। इस फैसले से भारत को नुकसान हो सकता है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 जून से स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर अमेरिकी टैरिफ को दोगुना करके 50% कर दिया है। इससे भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। कारण है कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पैदा हो सकता है। भारत ने इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए विश्व व्यापार संगठन (WTO) में जवाबी शुल्क लगाने का संकेत दिया है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से अमेरिकी घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ेगा। पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ेगा क्योंकि अमेरिका आर्थिक राष्ट्रवाद को प्राथमिकता दे रहा है। ट्रंप की यह पॉलसिी भारत के स्टील और एल्यूमीनियम एक्सपोर्टर्स के लिए बड़ा झटका है। इससे उनकी प्रॉफिटेबिलिटी कम हो जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पॉलिसी भारत पर एक प्रत्यक्ष हमला है। इसके गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। विशेषज्ञों ने ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के लिए तीन अमेरिकी कानूनी उपकरणों का जिक्र किय है। उन्होंने कहा है कि 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 अमेरिका को अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ शुल्क लगाने की अनुमति देती है जो विशेष रूप से चीन को टारगेट करती है।1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों पर केंद्रित है। इसका इस्तेमाल स्टील, एल्यूमीनियम और ऑटोमोटिव इम्पोर्ट पर टैरिफ लगाने के लिए किया गया है।अंतरराष्ट्रीय कानून राष्ट्रपति को व्यापक रूप से शुल्क लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियां देता है। इसका इस्तेमाल ट्रंप ने 'लिबरेशन डे' टैरिफ शुरू करने के लिए किया। 'लिबरेशन डे' टैरिफ में 10% का ब्लैंकेट टैरिफ और 57 देशों से आयात पर विशिष्ट देश के लिए ऊंचे टैरिफ (जैसे भारत पर 26% और चीन पर 245% तक) शामिल थे हालांकि, विशेषज्ञों ने एक कानूनी मोड़ की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, '28 मई, 2025 को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने फैसला सुनाया कि IEEPA-आधारित 'लिबरेशन डे' टैरिफ अवैध थे जिसमें कहा गया था कि व्यापार घाटा IEEPA के तहत आवश्यक 'असामान्य और असाधारण खतरे' मानक को पूरा नहीं करता है।' डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर टैरिफ को दोगुना कर दिया है जिससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान होगा। भारत ने डब्ल्यूटीओ में जवाबी शुल्क लगाने का संकेत दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे अमेरिकी उद्योगों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई बढ़ने की आशंका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर फिर 'बम' गिराया है। ग्लोबल ट्रेड वॉर में एक और कदम बढ़ाते हुए उन्होंने 4 जून से स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर अमेरिकी टैरिफ को दोगुना करके 50% कर दिया है। इससे भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। कारण है कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पैदा हो सकता है। भारत ने इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए विश्व व्यापार संगठन (WTO) में जवाबी शुल्क लगाने का संकेत दिया है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से अमेरिकी घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ेगा। पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ेगा, क्योंकि अमेरिका आर्थिक राष्ट्रवाद को प्राथमिकता दे रहा है। ट्रंप की यह पॉलसिी भारत के स्टील और एल्यूमीनियम एक्सपोर्टर्स के लिए बड़ा झटका है। इससे उनकी प्रॉफिटेबिलिटी कम हो जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पॉलिसी भारत पर एक प्रत्यक्ष हमला है। इसके गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं।ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने इसे सीधा हमला करार दयिा है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों को अब भारी अमेरिकी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। इससे मार्जिन कम होगा और प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी। श्रीवास्तव ने ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के लिए तीन अमेरिकी कानूनी उपकरणों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 अमेरिका को अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ शुल्क लगाने की अनुमति देती है, जो विशेष रूप से चीन को टारगेट करती है।1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों पर केंद्रित है। इसका इस्तेमाल स्टील, एल्यूमीनियम और ऑटोमोटिव इम्पोर्ट पर टैरिफ लगाने के लिए किया गया है। 'लिबरेशन डे' टैरिफ में 10% का ब्लैंकेट टैरिफ और 57 देशों से आयात पर विशिष्ट देश के लिए ऊंचे टैरिफ (जैसे भारत पर 26% और चीन पर 245% तक) शामिल थे।महत्वपूर्ण बात यह है कि फैसले ने धारा 232 टैरिफ को गैरकानूनी नहीं ठहराया। इससे ट्रंप को अदालत के हस्तक्षेप के तत्काल जोखिम के बिना स्टील और एल्यूमीनियम टैरिफ बढ़ाने की अनुमति मिल गई। आर्थिक परिणाम पहले से ही दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी स्टील की कीमतें पहले से ही अधिक हैं। ये लगभग 984 डॉलर प्रति टन हैं। यूरोपीय कीमतों 690 डॉलर और चीनी कीमतों 392 डॉलर से यह बहुत ज्यादा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने कहा है कि इससे भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और ऑटो-कंपोनेंट में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, FIEO के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि से भारत के स्टील निर्यात पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*फुस्स हो गए तुर्किए वाले सारे ड्रोन*
*चिंग-पिंग की हो गई, सभी मिसाइल गौण*
*सभी मिसाइल गौण, अरे वो अजरबेजानी*
*अमरीका तक को याद आई उनकी नानी*
*कह सुरेश ब्रम्होश-सुदर्शन भै प्रलयंकर*
*सत्यानाश किया आकाश पाक की जमकर*

# बिहार चुनाव में इस बार बुजुर्गों की विदाई तय!

> बिहार के वर्तमान सियासत की बात करें तो इनदिनों प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के पार्टियों की कमान युवा चेहरों के हाथ है। तेजस्वी यादव, चिराग पासवान के बाद अब नीतीश कुमार के लाल निशांत के राजनीति में दस्तक से हलचल मची है। ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीति में युवाओं के रूप में नए चेहरों की "भागीदारी" महत्वपूर्ण रहेगी तथा बतौर मुख्यमंत्री किसी नए चेहरे के सिर पर सत्ता का "ताज" सज सकता है।



देश और दुनिया में प्राचीन ज्ञान एवं शिक्षा के केंद्र नालंदा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय के लिए चर्चित बिहार में "बुजुर्गों" की राजनीति के दिन अब पूरे होते दिख रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य के चलते उनकी राजनीतिक सक्रियता अब ना के बराबर है। वहीं, समाजवादी आंदोलन से निकले दूसरे बड़े चेहरे रामविलास पासवान के पुत्र और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की एंट्री भी अब बिहार के दंगल में हो गई है। इसी प्रकार वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी बुजुर्ग तथा बीमार होने की बात कही जा रही है जिसके चलते भी अब उनके राजनीतिक "वारिस" की तलाश की जा रही है। ऐसे में बिहार की राजनीति से बुजुर्गों की विदाई तय है। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीति में युवाओं के रूप में नए चेहरों की "भागीदारी" महत्वपूर्ण रहेगी तथा बतौर मुख्यमंत्री किसी नए चेहरे के सिर पर सत्ता का "ताज" सज सकता है। बिहार की सियासत की बात करें तो वर्तमान में बिहार में सक्रिय विभिन्न राजनीतिक दलों में इन दिनों पार्टी की कमान युवा चेहरों के हाथ है। चारा घोटाले में लालू यादव के सजायाफ्ता होने तथा उम्रदराज होने के बाद उनके पुत्र तेजस्वी यादव ने पार्टी की बागडोर संभाल रखी है। लालू यादव अब पार्टी में महज मार्गदर्शक की भूमिका में हैं। आज से करीब दस वर्ष पूर्व 2015 में ही राजनीति में तेजस्वी यादव की एंट्री हो गई थी। बीते बिहार विधानसभा के चुनाव के दौरान तेजस्वी यादव राजनीति की लाइमलाइट में आए थे। तब उन्होंने कांग्रेस सहित अन्य गैर भाजपाई दलों के साथ बिहार में "महागठबंधन" बना कर चुनाव लड़ा और खासी कामयाबी हासिल की। तब चुनावी राजनीति में पहली बार ही बेहतर प्रबंधन करते हुए तेजस्वी की अगुवाई में आरजेडी को 75 सीटें मिली थी। अब एक बार फिर बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तेजस्वी की कमान में राष्ट्रीय जनता दल पूरी तरह तैयार है और उनके आक्रामक तेवर पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में ही जनता दल यूनाइटेड के नेताओं ने वर्तमान मुख्यमंत्री नितीश कुमार के चेहरे पर ही एक बार फिर से चुनाव लड़ने की बात छेड़कर गठबंधन की राजनीति को गर्मा दिया है। जनता दल यूनाइटेड का एक धड़ा नीतीश कुमार के पुत्र को राजनीति में लाने की बात कह रहा है। पेशे से इंजीनियर नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति से अभी तक दूर ही रहते आए हैं। कई बार निशांत खुद भी इस बात का एलान कर चुके हैं कि वो कभी भी अपने पिता की तरह राजनीति में नहीं आएंगे। लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है और बिहार की राजनीति के जानकार इस बात को मानते हैं कि देर सवेर-सही निशांत कुमार का सक्रिय राजनीति में प्रवेश होकर ही रहेगा। ऐसे में भाजपा एवं जनता दल यूनाइटेड सहित समूचा एनडीए निशांत कुमार को भावी युवा मुख्यमंत्री के तौर पर प्रस्तुत कर सकता है।उधर,बिहार की राजनीति में समाजवादी आंदोलन से निकले एक दूसरे कद्दावर नेता रामविलास पासवान साल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान ही अपने पुत्र चिराग पासवान को सियासत में उतार चुके थे। इस दौरान पार्टी के सारे फैसले चिराग ही लेते रहे। पिता रामविलास पासवान की मौत के बाद उनके चाचा पशुपति पारस ने धोखा दिया और चिराग अकेले पड़ गए। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। चिराग ने अपनी ताकत का एहसास 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को करा दिया। अब बदले हालात में अपने दम पर चिराग पासवान दो भागों में अब बंट चुकी लोजपा के एक धड़े लोजपा (राम विलास) का नेतृत्व कर रहे हैं। खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताने वाले चिराग पासवान ने "बिहार एवं बिहारी फर्स्ट" का नारा एक बार दोहराते हुए बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ने की बात कही है। बिहार के दंगल में चिराग पासवान की एंट्री से विधानसभा चुनाव में बिहार में खुद की अगुवाई में अपनी पार्टी के विस्तार के साथ-साथ अपनी प्रभावी मौजूदगी दर्ज करने की कोशिश चिराग की रहेगी। बिहार में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस अपने स्वतंत्र अस्तित्व के बजाय महागठबंधन के जरिए ही कांग्रेस अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। वर्ष 2019 में सीपीआई से कांग्रेस में गए कन्हैया कुमार इन दोनों बिहार में कांग्रेस के पोस्टर बॉय हैं। कन्हैया मूल रूप से बिहार के बेगूसराय के रहने वाले हैं तथा जेएनयू छात्र संघ के वे अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नयी सोच के साथ बिहार को आगे बढ़ाने में कन्हैया की भूमिका हो सकती है। कांग्रेस ने बिहार में जो सांगठनिक बदलाव किए हैं, वह कन्हैया कुमार के अनुकूल है तथा इस लगता है कि कांग्रेस बिहार में अपने पारंपरिक वोट बैंक की ओर लौट रही है और सवर्णों को एक बार फिर तरजीह देने की कांग्रेस ने योजना बनाई है। कन्हैया कुमार भी सवर्ण भूमिहार हैं। और कन्हैया कुमार की दमपरी कांग्रेस अब बिहार के चुनावी महाभारत में जीत का परचम लहराना चाहती है। बिहार विधानसभा चुनाव की कवायद में चुनावी रणनीतिकार से पॉलिटिशियन बने प्रशांत किशोर उर्फ पीके बिहार में वैकल्पिक राजनीति की जमीन तैयार करने में जुटे हैं। एक कुशल रणनीतिकार के तौर पर उन्होंने ममता बनर्जी और नीतीश कुमार के लिए काम किया तथा दोनों को चुनावी सफलता भी दिलाई। पीके ने पिछले साल गांधी जयंती पर दो अक्टूबर से वैकल्पिक राजनीति पर काम करना शुरू किया। उनकी नजर में बीते तीन दशक में बिहार पिछड़ेपन का शिकार हुआ है तथा बिहार कैसे आगे बढ़ सकता है, इसका उपाय बताने वे गांव-गांव घूम चुके हैं। पहले ही साल में पीके को कामयाबी मिली, जब सारण सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज का समर्थित उम्मीदवार एमएलसी का चुनाव जीत गया। एक समय था जब राजनीति में बुजुर्गों को परिपक्वता की नजरों से देखा जाता था तथा बुजुर्ग राजनीतिज्ञों का अनुभव उनकी योग्यता का पैमाना था। लेकिन बदलते वक्त के साथ अब सियासी चलन बदल रहे हैं।

**- प्रदीप कुमार वर्मा**

# भारतीय माओवादिओं के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन



नक्सल चीफ बसवराजू की मौत के बाद एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। तुर्की के एक वामपंथी उग्रवादी संगठन ने भारत सरकार की निंदा करते हुए एक वीडियो बयान जारी किया जिसमें एक नकाबपोश ने बसव राजू को 'क्रांतिकारी योद्धा' बताते हुए श्रद्धांजलि दी। भारत सरकार के ऑपरेशन को 'राज्य प्रायोजित हिंसा' करार दिया गया। वीडियो ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय नक्सलियों और तुर्की के वामपंथी उग्रवादियों के बीच वैचारिक और नैरेटिव कनेक्शन मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त तुर्की के राजनयिक कदम भी भारत के लिए चिंता का विषय बने हुए है। तुर्की के राजदूत ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात कर भारत के खिलाफ एकजुटता जताई थी। यही नहीं, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया और कथित निर्दोष नागरिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया था। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने भी पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री से बात कर कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के आधार पर हल निकालने की बात कही। तुर्की के अलावा फिलीपींस के कुछ वामपंथी समूहों द्वारा भी बसवराजू को श्रद्धांजलि दी गई है। सोशल मीडिया पर फिलीपींस के कम्युनिस्ट गुरिल्ला संगठनों और कुछ मानवाधिकार समूहों ने भी भारत की कार्रवाई की आलोचना की है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया में सक्रिय कई लेफ्ट विंग उग्रवादी संगठनों ने भी बसव राजू के समर्थन में बयान दिए हैं। इससे यह पुष्टि होती है कि भारतीय माओवादी संगठनों के अंतरराष्ट्रीय विचारधारात्मक और नैरेटिव कनेक्शन मौजूद हैं। नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू उर्फ गगन्ना, आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी लेकिन युवावस्था में वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर सीपीआई (माओवादी) से जुड़ गया। 2018 में उसने संगठन के तत्कालीन महासचिव गणपति की जगह ली और नक्सल संगठन का महासचिव बन गया जो संगठन में सबसे बड़ा पद होता है। वह संगठन की सेंट्रल कमेटी और पॉलिट ब्यूरो का प्रमुख सदस्य था। बसवराजू को ताड़मेटला, झीरम घाटी, बुरकापाल और जेल ब्रेक जैसे कई बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। बसवराजू पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 1.5 करोड़ और केंद्र सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। जानकारों के अनुसार वह माओवादी नेटवर्क का रणनीतिकार था और न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विचारधारा, हथियारों की आपूर्ति और फंडिंग जैसे मसलों पर भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था। 21 मई 2025, बुधवार को छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में डीआरजी (डिस्ट्रीक रिजर्व गार्डस) और सुरक्षाबलों ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की। मुठभेड़ में करीब 30 नक्सली ढेर किए गए जिनमें कई शीर्ष नेता भी शामिल थे। इस ऑपरेशन में बसवराजू की भी मौत हो गई जिसकी पुष्टि बाद में हुई। यह ऑपरेशन नक्सली आंदोलन के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। इसे उसी तरह का ऑपरेशन बताया जा रहा है जैसे अमेरिका द्वारा ओसामा बिन लादेन या श्रीलंका द्वारा प्रभाकरन के खिलाफ चलाया गया था। भारत के कई राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा आदि में नक्सली हमलों की साजिश और संचालन में उसकी भूमिका रही है। 2010 से लेकर अब तक हुए कई बड़े नक्सली हमलों की योजना और नेतृत्व बसवराजू ने किया था। वह लंबे समय से भूमिगत था और कहा जाता है कि वह जंगलों में घूम-घूमकर रणनीति बनाता था जिससे उसे पकड़ना बेहद मुश्किल था। बसवराजू की मौत भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। इससे न केवल नक्सल नेटवर्क का शीर्ष नेतृत्व ध्वस्त हुआ है बल्कि इससे संगठन के वैचारिक मनोबल को भी भारी नुकसान पहुँचा है। लेकिन जिस प्रकार तुर्की, फिलीपींस और अन्य देशों में बसवराजू की मौत पर प्रतिक्रियाएँ आई हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि नक्सल आंदोलन अब केवल भारत की आंतरिक चुनौती नहीं है। यह एक अंतरराष्ट्रीय वैचारिक नेटवर्क का हिस्सा बन चुका है जिसमें वामपंथी उग्रवादियों, मानवाधिकार संगठनों और राजनीतिक विरोधियों का समर्थन और सहयोग मौजूद है। जानकारों की माने तो आने वाले समय में भारत को इस अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव को चुनौती देने के लिए राजनयिक मोर्चे पर सख्त नीति, सोशल मीडिया पर निगरानी, और विचारधारात्मक काउंटर नैरेटिव विकसित करने की आवश्यकता होगी जिससे भारत में नक्सल आंदोलन की जड़ों को फिर से हरा होने से पूर्णतया रोका जा सके। जिस प्रकार भारत सरकार काम कर रही है , उससे लगता भी यही है कि जमीनी सफलता के बाद नक्सल आंदोलन की वैचारिक और राजनीतिक जमीन को भी वह बंजर करेगी।

**- रामस्वरूप रावतसरे**

# नरभक्षी बनते आवारा कुत्ते

पिछले दशक से देश के हिस्सों से आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डाग्स, फेरल, सेमी फेरल डाग्स) द्वारा मनुष्यों पर जानलेवा हमला करके जान लेने और शरीर को चबा डालने से लेकर खा जाने जैसे अप्रत्याशित समाचार पढ़ने में आते जा रहे है। इनमें से कुछ यहाँ उद्धरित किये जा रहे है। जन्म के मात्र तीन घण्टे बाद नवजात बच्चे को वर्ष 2020 में फर्रुखाबाद के अस्पताल के आपरेशन थियेटर की खिड़की से प्रवेश करके आवारा कुत्तों ने मार डाला। दिल्ली में वर्ष 2023 में दो माह की बच्ची एवं अक्टूबर 2022 में नोयडा में सात माह का बच्चा आवारा कुत्तों का शिकार बन गये। बंगलौर में दो बच्चे वर्ष 2007 में, मेरठ में 2009 में एवं दिल्ली में सात वर्षीय बालक वर्ष 2015 में आवारा कुत्तों द्वारा मार डाले गये। सीतापुर (उ.प्र.) में वर्ष 2018 में चौदह बच्चे आवारा कुत्तों द्वारा मार डाले गये एवं उनके अंगों को चबा डाला गया। अमृतसर में वर्ष 2019 में एक बालक को आवारा कुत्तों द्वारा मार कर खा लिया गया। इन कुत्तों को नरभक्षी कहा गया। अप्रैल 2022 में पंजाब में कुछ बच्चों को आवारा कुत्तों द्वारा मार डाला गया। फरवरी 2023 में हैदराबाद में चार वर्षीय बच्चे को तीन आवारा गली के कुत्तो द्वारा मार डाला गया. यह हृदय विदारक घटना सीसीटीवी के फुटेज में रिकार्ड होने और स्पेशल मीडिया द्वारा दिखाने से लोगों की जानकारी में आई। बिजनौर में वर्ष 2022 में एक पन्द्रह वर्षीय लड़की एवं तीस वर्षीय वयस्क महिला आवारा कुत्तों द्वारा मार डाली गई। बेगुसराय में वर्ष 2023 में नौ महिलाओं को नरभक्षी आवारा कुत्तें मार कर खा गये। केरल में वर्ष 2016 में पैंसठ वर्षीय बुजुर्ग महिला आवारा कुत्तों द्वारा मार डाली गई एवं उसके शरीर का कुछ भाग खा भी लिया गया। अलीगढ़ मु.वि.वि. केम्पस में सत्तर वर्षीय सेवानिवृत्त यूनिसेफ के डाक्टर को आवारा कुत्तों द्वारा मार डाला गया, घटना सीसीटीवी कैमरे में रेकार्ड हो गई। बिजनौर में वर्ष 2023 में दस लोग आवारा कुत्तों द्वारा मार डाले गये जिनमें छह बच्चे भी थे। हाल ही में बहराइच में एक छह वर्षीय बच्ची एवं पास के गाँव मतेराकलॉ में दूसरी आठ वर्षीय बच्ची को आवारा कुत्तों ने मार डाला (फरवरी, 2025) विश्वभर में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने, रेबीस जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने एवं पालतू व वन्यजीवों को मार कर खा जाने की घटनाएँ होती रहती है परन्तु पिछले दशक से आवारा कुत्तों द्वारा मानवभक्षी (नरभक्षी) हो जाने जैसी अनपेक्षित व अप्रत्याशित घटनाऐं आवारा कुत्तों के व्यवहार में हो रहे परिवर्तन को दर्शाती है जो भविष्य में मानव के अस्तित्व पर गंभीर संकट पैदा कर सकता है। इस मुद्दे पर समाज के सभी वर्गों व सरकारी-गैर सरकारी संगठनों को हल करने की दिशा में कार्य करना होगा। आवारा कुत्तों के बदलते व्यवहार कई कारण हो सकते है. विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययनों के अभाव में मात्र कुछ संभावनाएँ व्यक्त की जा सकती है। विश्व में करीब सत्तर करोड़ कुत्ते है जिनमें से पचहत्तर प्रतिशत आवारा अर्थात् मालिकविहीन एवं अनियंत्रित है। हमारे देश में छह करोड़ आवारा कुत्ते है। हमारे देश के ऐबीसी रूल एवं पीसी एए अर्थात् एनीमल बर्थ कन्ट्रोल एक्ट-2001 एवं प्रिवेन्शन आफ क्रूऐलिटी टू ऐनीमल एक्ट 1960 के तहत आवारा कुत्तों को मौत के घाट नहीं उतारा जा सकता है।

**- डा.एच.एस. राठौर**

आज का कार्टून




साभार

# पर्यावरण चेतना जगाती भारतीय संस्कृति

पिछले दिनों भारत के प्रदेश तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद की उस शर्मनाक और आत्मघाती कृत्य की सोशल मीडिया पर बहुत चर्चा रही जिसमें हैदराबाद के फेफड़े कहे जाने वाली कांचागाची बोवली गांव से सटी वन भूमि पर उन 40, 000 से अधिक वृक्षों को काट दिया गया जो न केवल पूरे क्षेत्र को प्राणवायु दे रहे थे बल्कि लाखों जीव जंतुओं का आश्रय स्थल भी थे। राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित हजारों पशु-पक्षियों का काल बनी इस घटना की व्यापक निंदा आलोचना हुई। अनेक ऐसे वीडियो भी सामने आए जिसमें मासूम खरगोश हिरण आंसू बहा रहे थे। द्रवित कर देने वाले इन दृश्यों का वहां की सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि उसे वह जमीन बेचकर बहुत बड़ी धनराशि प्राप्त होने वाली थी। उसने उच्चतम न्यायालय में बेरोजगारी का तर्क प्रस्तुत करते हुए उस भूमि पर उद्योग तथा व्यापारिक केंद्र स्थापित करने की दुहाई दी। यह संतोष की बात है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने उस कुतर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि संपूर्ण देश रोजगार और विकास चाहता है लेकिन पर्यावरण की कीमत पर ऐसे अपराध की अनुमति नहीं दी जा सकती। वास्तव में तेलंगाना सरकार और उसके अधिकारियों की असंवेदनहीनता इस बात का प्रमाण है कि हम अपनी संस्कृति और उसमें समाहित जीवन मूल्यों से कट रहे हैं। इसलिए यह आज की परम आवश्यकता है भारतीय संस्कृति में जिस पर्यावरण चेतना को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है उसे स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर देश के हर बच्चे के हृदय में स्थापित किया जाए। भारतीय संस्कृति इस संपूर्ण ब्रह्माण्ड को एक कुटुम्ब मानती है, जहाँ किसी का अलग अस्तित्व नहीं है। यह विचार पर्यावरण-सुरक्षा का सूत्र समेटे हुए है। जब हम अपनी सांस्कृतिक परम्परा की बात करते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम आधुनिकता को पूरी तरह से नकार रहे है। हमारा उद्देश्य आधुनिकता के नाम पर प्रकृति के सम्मान की परंपरा को दुत्कारते हुए अपने ही परिवेश को असंतुलित बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के विरुद्ध जनजागरण है। वर्तमान का सत्य यह है कि आज आधुनिकता और विकास के नाम पर हो रही अंधी दौड़ प्रकृति का दोहन कर रही है जिससे भविष्य अनिश्चित दिखाई देने लगा है। भारतीय दर्शन में समस्त संसार को जड़ और चेतन में विभाजित किया गया है। हर छोटे- बड़े जीव से पेड़ -पौधों तक चेतना है। इस चेतना को साकार बनाये रखने के लिए 'आवरण' चाहिए। ये आवरण पंचतत्वों से निर्मित है जिसे हम मिट्टी, जल, वायु, आकाश, अग्नि भी कहते हैं। इन तत्वों की संतुलित उपस्थिति का बने रहना प्राणी-जगत् के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है। बस यही है पर्यावरण-संरक्षण। जब यह संतुलन बिगड़ जाए तो स्वाभाविक है कि जैविक समीकरण भी सलामत नहीं रहता। इससे प्रकृति का चक्र भी प्रभावित होता है जो अनेक प्रकार के विनाशों का कारण बनता है। बस यही है प्रदूषण। प्रदूषण सबसे पहले हमारे मन-मस्तिष्क में प्रवेश कर हमारी चेतना को बंदी बनाता है। जब मस्तिष्क आत्म केंद्रित और स्वार्थी होकर केवल निज सुख का ही चिंतन करता है तो वहीं से आरंभ होता है प्रदूषण। हम लेना तो सब कुछ चाहते हैं लेकिन कुछ भी देने की सोच नहीं रखते। जबकि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति से सामंजस्य आवश्यक है। हमारे ज्ञान के स्रोत वेदों में इन दोनों तत्वों की चर्चा है जिसके अनुसार हमें प्रकृति से उतना ग्रहण करने का अधिकार जिससे प्रकृति की पूर्णता को क्षति न पहुंचे। परिवारों में माँ-दादी-नानी इसी भाव से तुलसी की पत्तियां तोड़ती थी। प्राचीन भारतीय वाङ्मय-वैदिक-साहित्य ,पुराणों, धर्मशास्त्रों, रामायण, महाभारत, संस्कृत -साहित्य के अन्यान्य ग्रन्थों, पालि-प्राकृत साहित्य आदि की छानबीन करने पर पुरातन भारत की अरण्य-संस्कृति के मनोहर स्वरूप का साक्षात्कार होता है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में अनेक रमणीय उद्यानों का संकेत मिलता है। 'अग्निपुराण' में कहा गया है कि जो मनुष्य एक भी वृक्ष की स्थापना करता है, वह तीस हज़ार इन्द्रों के काल तक स्वर्ग में बसता है । जितने ही वृक्षों का रोपण करता है, अपने पहले और पीछे की उतनी ही पीढ़ियों को वह तार देता है । 'मत्स्यपुराण' में वृक्ष-महिमा प्रसंग में कहा गया है कि दस कुओं के समान एक बावड़ी, दस बावड़ियों के समान एक एक तालाब, दस तालाबों के समान एक पुत्र का महत्त्व है जबकि दस पुत्रों के समान महत्त्व एक वृक्ष का अकेले है।

**- डा. विनोद बब्बर**

# 'साजिश को जल्द करूंगा बेनकाब.....

## मेरे भाई मम्मी-पापा का रखना ख्याल, जयचंद हैं हर जगह', तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

तेज प्रताप यादव को घर और परिवार दोनों से अलग किए जाने के बाद लालू के बड़े बेटे ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक पोस्ट लिखी है। तेज प्रताप यादव ने आज दूसरी बार इस मामले में चुप्पी तोड़ी है।




तेज प्रताप यादव ने एक्स पर लिखा, 'मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों, तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे।' लालू यादव के बड़े बेटे ने आगे लिखा, 'कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। फिलहाल दूर हूं,लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई (तेजस्वी यादव) मम्मी-पापा का ख्याल रखना। जयचंद हर जगह हैं, अंदर भी और बाहर भी हैं।'

**भगवान से बढ़कर हैं मम्मी-पापा :** तेज प्रताप यादव ने इसके पहले भी इस पूरे मामले में चुप्पी तोड़ी है। रविवार सुबह ही तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक पोस्ट लिखा था। इसमें तेज प्रताप यादव ने कहा, 'मेरे प्यारे मम्मी पापा... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर आप हैं। आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछ मेरे पास है।'

### राजनीति में कुछ जयचंद जैसे लालची लोग भी

तेज प्रताप यादव ने आगे लिखा, 'मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और चाहिए। पापा आप नहीं होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग होते। बस मम्मी-पापा आप दोनों हमेशा स्वस्थ और खुश रहें।'

### अनुष्का यादव का नाम आने के बाद मचा था बवाल



बिहार की सियासत में उस वक्त हंगामा मच गया, जब RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने 24 मई को फेसबुक पर अनुष्का यादव के साथ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि वह पिछले 12 साल से उनके साथ रिलेशनशिप में हैं। इसके कुछ ही देर बाद तेज प्रताप यादव ने इसे अफवाह बताया था। कहा था कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हो गया था।

### लालू ने तेज प्रताप यादव को घर और पार्टी दोनों से बाहर निकाला

इसके बाद लालू प्रसाद यादव ने तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार दोनों से बाहर निकाले जाने का ऐलान किया था। इसके बाद से आज तेज प्रताप यादव ने भावुक पोस्ट लिख कर इस मामले में चुप्पी तोड़ी है।

# बिक्रमगंज की जनसभा में सीएम नीतीश ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ

## बोले- 'उनको बस क्रेडिट चाहिए

**बिक्रमगंज।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के साथ ही विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आना है। क्योंकि अब बिहार का विकास हो रहा है। इसे रोकनी की बहुत सारे लोग कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बिहार दौरे के दौरान रोहतास के विक्रमगंज में एक बड़ी जनसभा की। इससे पहले उन्होंने यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन सबकी कुल लागत 48,500 करोड़ से अधिक है। इस मौके पर सीएम नीतीश ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "एक बार याद दिलाना चाहता हूं कि जब हम लोगों की सरकार नवंबर 2005 में बनी, उसके बाद कितना काम हुआ। इससे पहले कोई काम हुआ था? हम लोगों ने महिलाओं के लिए कितना काम किया है। महिलाओं के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू करवाई गई। अब वे पढ़ रही हैं, नौकरी ले रही हैं। हम लोग बिहार के विकास के काम कर रहे हैं।"

### जाति जनगणना के लिए पीएम को नमन: मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। सड़कों और पुलों का निर्माण करवाया गया। सभी घरों तक नल का जल, बिजली पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना कराने के फैसले पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मैं इसके लिए पीएम मोदी को नमन करता हूं। वहीं विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दूसरी पार्टी के लोग क्रेडिट लेने में लगे हुए हैं। हमने पहले ही जातीय गणना कराने का निर्णय लिया था, बिहार में इसे प्रमुखता से करवाया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उपस्थित लोगों को किसी के बहकावे में नहीं आने के लिए भी सचेत किया।

# मोदी कैबिनेट में मंत्री रहते भी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे चिराग

## बहनोई अरुण भारती ने दिए संकेत



**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। चिराग के बाद उनके बहनोई अरुण भारती ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि चिराग को किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। चिराग पासवान के बहनोई और जमुई से सांसद अरुण भारती ने चिराग पासवान के किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की बात कही है। इससे पहले चिराग पासवान खुद कई बार यह कह चुके हैं कि वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। पिछले सप्ताह चिराग पासवान ने हाजीपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। अरुण भारती से पहले खुद चिराग पासवान भी कई बार कह चुके हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते ही हाजीपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। चिराग के बाद उनके बहनोई अरुण भारती ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि चिराग को किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। चिराग पासवान के बहनोई और जमुई से सांसद अरुण भारती ने चिराग पासवान के किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की बात कही है। इससे पहले चिराग पासवान खुद कई बार यह कह चुके हैं कि वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। पिछले सप्ताह चिराग पासवान ने हाजीपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी।

### अरुण भारती ने क्या लिखा?

अरुण भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा "जब नेता पूरे बिहार का है, तो सीट का दायरा क्यों सीमित हो ? कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान जी बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें। चिराग पासवान अब सिर्फ एक समुदाय की नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं।"

# पूर्णिया में भाजपा जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

## नेताओं के भाषण में छाया रहा 'ऑपरेशन सिंदूर'

**महानगर नेटवर्क**

**पूर्णिया**

पूर्णिया में रविवार को भाजपा के प्रधान कार्यालय में पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी मजबूत हुआ है। भारत की सेना मजबूती से सीमा पर लगी हुई है। तभी हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। सेनाओ का मनोबल बढ़ा है और अपना कार्य आजादी से कर रहे हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर पर बोले तारकिशोर प्रसाद :** पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है, उससे पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। मोदी जी ने देश में विकास की गति बढ़ाई है जिससे बिहार में भी विकास बड़े पैमाने पर हो रहा है।



**सीमांचल एवं बिहार में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी :** बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने सभी नवमनोनीत जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं नये- पुराने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर केंद्रीय बजट पर डॉ संजीव कुमार और राजेश रंजन ने सीमांचल एवं बिहार में किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी जबकि वित्त विभाग द्वारा किए गए कार्य के बारे में नरेश शाह ने बातें रखी।

### ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया

जातीय जनगणना पर राम नारायण मेहता ने और ऑपरेशन सिंदूर पर सी के मिश्रा ने विस्तार से बताया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल रंजन वर्मा, पूर्व विधायक प्रदीप दास, विधायक विजय खेमका, विधायक कृष्ण कुमार ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री संजीव सिंह ने किया।

# बुजुर्ग दंपति को बंधक बना लूट लिए 16 लाख

## राजधानी पटना में गन पॉइंट पर डकैती

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार की राजधानी में गन पॉइंट पर लूटपाट की बड़ी वारदात हुई को अंजाम दिया गया है। छह की संख्या में आए बदमाशों ने रिटायर शिक्षिका और उनके पति को पिस्टल की नोक पर बंधक बना लिया और छह लाख कैश के साथ करीब 10 लाख के जेवर गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सरकार के नाक तले बदमाशों वारदात को अंजाम दिया। घटना राजीव नगर थाना के अभ्यूदय नगर की है। इस कांड से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात करीब ढाई बजे किचन का विंडो तोड़कर नकाबपोश बदमाश घर में दाखिल हए और तांडव शुरू कर दिया। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि पहले एक बदमाश घर में घुसा और गेट खोल दिया। उसके बाद पांच अन्य आ धमके। गृह स्वामी और उनकी पत्नी को बंदूक भिड़ा दिया। उस समय उनके बेटे और बहू ऊपर की मंजिल पर सोए थे। हल्ला भी नहीं करने दिया। आलमिरा तोड़ दिया और उसमें रखे गहने लूट लिए। छह लाख नगद भी वहीं थे जिन्हें ले लिया। बदमाशों के जाने के बाद दोनों ने शोर मचाया तो लोग जुटे। पुलिस को सूचना दी गयी। डीएसपी के नतृत्व में पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची।

# पटना में करंट लगने से महिला की मौत

**पटना।** जिले के पालीगंज में करंट लगने से महिला जूही देवी (30) की मौत हो गई। घटना, पालीगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर कुरकुरी पंचायत के कुरकुरी टोला की है। घटना शनिवार रात की है, जब जूही अपने घर के किचन में खाना बना रही थीं। इसी दौरान किचन के स्विच बोर्ड में अचानक करंट आ गया। जूही देवी करंट की चपेट में आ गईं। परिजन उन्हें तुरंत पालीगंज अनुमंडल अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान जूही की मौत हो गई।

जूही के पति रंजन राज उर्फ रामजी ने बताया कि जूही किचन में खाना बना रही थीं, तभी किचन का लाइट ऑन करने के लिए स्विच बोर्ड के पास गई और ऑन करने के दौरान अचानक करंट आ गया और वो बुरी तरह से झुलस गई। हम दोनों के तीन बच्चे हैं।

# खेत से घर लौट रही चाची-भतीजी की ठनका से मौत



**कहलगांव।** कहलगांव अनुमंडल के शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के टिकलूगंज गांव में शनिवार की दोपहर में वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही चाची-भतीजी की मौत हो गई है। मृतकों में दीपक यादव की पत्नी पूजा देवी (35) एवं राजेश यादव की पुत्री रानी कुमारी(10) शामिल हैं। वे दोनों खेत देखने और घास लाने मिर्धाचक बहियार गई थीं। तेज हवा के साथ बारिश होने पर कुछ अन्य लोगों के साथ वे दोनों भी एक नीम के वृक्ष तले चले गए थे। उसी दौरान ठनके की चपेट में आने से चाची-भतीजी की मौत हो गई। अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घर के स्वजनों को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उन दोनों की मौत होने की सूचना मिलते ही सभी लोग ग्रामीणों के साथ वहां पहुंच गए। दोनों के शवों को उठाकर घर लाया गया।इस घटना के बाद दोनों के घरों में कोहराम मचा हुआ था। मृतका पूजा की सास एवं बेटी सोनी उससे लिपट कर रो रही थी। छोटा पुत्र गोलू कुमार सभी का मुंह देख रहा था। मृतिका रानी की मां किरण देवी पुत्री से लिपट कर रो रही थी।

# चुनाव से पहले झुनझुना आयोग भी बनेगा

## एससी कमीशन में चिराग के जीजा और मांझी के दामाद पर आरजेडी गर्म

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार की नीतीश सरकार ने एक के बाद एक कई आयोग गठित कर चुनावी दांव खेल दिया है। जिसमें सर्वण, महादलित, एससी और मछुआरा आयोग तक शामिल है। लेकिन बिहार अनुसूचित जाति आयोग में अध्यक्ष के रूप में मृणाल पासवान और उपाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र मांझी को नियुक्त किया है। मृणाल पासवान लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान के जीजा हैं तो उपाध्यक्ष देवेंद्र मांझी हम संरक्षक जीतनराम मांझी के दामाद हैं। जिसके बाद अब आरजेडी गर्म हो गई है।



नीतीश सरकार के आयोगों के गठन पर राजद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जिसमें लिखा है कि चुनाव से पहले झुनझुना आयोग भी बनेगा। राजद के फेसबुक पेज लिखा कि लोजपा, हम, जेडीयू और भाजपा ने मिलकर जीजा-साला, ससुर-दामाद, बेटा-भतीजा आयोग का गठन किया! चुनाव से पहले झुनझुना आयोग भी बनाया। आपको बता दें बीते तीन दिनों भीतर नीतीश सरकार ने आयोगों में खाली पड़े पदों को भरा है, साथ ही नए आयोग भी बनाए हैं, जिसमें महादलित और मछुआरा आयोग शामिल है। एनडीए के सहयोगी दल राजद को परिवार की पार्टी बताते आए हैं।

और परिवाद का आरोप लगाते आए हैं। ऐसे में अब एक मौका आरजेडी को भी मिल गया है। जिसके चलते अब नीतीश सरकार के कमीशनों को परिवारवादी आयोग करार दे रही है।

**व्यापार**

# भारत में 86 हजार करोड़ निवेश करेगा एशियन डेवलपमेंट बैंक

**नई दिल्ली।** देश के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार होगा, PM मोदी से मिले ADB के प्रेसिडेंट एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने भारत के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में 10 बिलियन डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए तक निवेश करने के लिए 5 साल के प्लान का ऐलान किया है। इस प्लान में मेट्रो रेल एक्सपेंशन, रीजनल रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर्स (RRTS) और वाटर, सेनिटेशन, हाउसिंग जैसी सिटी-लेवल सर्विसेज पर फोकस किया जाएगा।



ADB के प्रेसिडेंट मासातो कांडा ने 31 मई को अपनी भारत विजिट में कहा कि इस प्लान में सॉवरेन लोन्स, प्राइवेट सेक्टर फंडिंग और थर्ड-पार्टी कैपिटल को शामिल किया जाएगा। यह निवेश भारत की ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रेटजी का सपोर्ट करेगा, क्योंकि देश का टारगेट 2030 तक अपनी 40% से ज्यादा आबादी को शहरों में रहने की उम्मीद में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग के बाद कांडा ने कहा कि यह पहल उन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट देगी, जो कनेक्टिविटी और शहरी सेवाओं में सुधार करती हैं। यह फंडिंग भारत के अर्बन चैलेंज फंड (UCF) के जरिए की जाएगी। जिसका उद्देश्य सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्राइवेट कैपिटल को आकर्षित करना है। ADB इन प्रोजेक्ट्स को डिजाइन करने और स्थानीय सरकारों का सपोर्ट करने में मदद के लिए 3 मिलियन डॉलर यानी लगभग 26 करोड़ रुपए का टेक्निकल असिस्टेंट भी प्रोवाइड करेगा।

# कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई कटौती



**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती हैं। इस महीने में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया है। आम लोगों पर भी इसका असर देखने को मिलता है। आज यानी 1 जून से तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती की है। यह कटौती 1 जून से लागू होगी। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमत अब 1,723.50 रुपये है। तेल कंपनियां वैश्विक कच्चे तेल की दरों और विभिन्न बाजार कारकों को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से एलपीजी मूल्य संशोधन करती हैं।

# क्या सस्ते होने वाले हैं फ्लाइट टिकट?

## लगातार तीसरे महीने घटे एविएशन फ्यूल के दाम

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनियों के लिए अच्छी खबर है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ की कीमतों में कटौती की गई है। विमान ईंधन की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है। रविवार को कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क क्रूड ऑयल और गैस की कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। एविएशन फ्यूल में कटौती के बाद अब फ्लाइट टिकट्स के दाम भी कम किये जा सकते हैं। इसके अलावा आज होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर के दाम भी घटाए गए हैं।



**क्या हो गई हैं कीमतें?**

सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है। इससे पहले एक मई को एटीएफ के दाम 4.4 प्रतिशत (3,954.38 रुपये प्रति किलोलीटर) और एक अप्रैल को 6.15 प्रतिशत (5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर) घटाए गए थे। रविवार को हुई इस कटौती के बाद इस साल की शुरुआत में एटीएफ कीमतों में जो वृद्धि हुई थी, उसकी काफी हद तक भरपाई हो गई है। एटीएफ की कीमत में कमी से वाणिज्यिक एयरलाइन कंपनियों पर बोझ कम होगा। एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा विमान ईंधन का बैठता है।

# केनरा बैंक ने अपने लाखों ग्राहकों को दिया तोहफा

**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

सरकारी स्वामित्व वाले केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। केनरा बैंक ने सभी तरह के बचत खातों में न्यूनतम एवरेज मंथली बैलेंस (AMB) रखने की आवश्यकता को पूरी तरह खत्म कर दिया है। अब आप अपने सेविंग अकाउंट, सैलरी अकाउंट या एआरआई अकाउंट में एवरेज मंथली बैलेंस से कम रकम भी रखते हैं, तो भी आप पर कोई पेनल्टी नहीं लगेगी। 1 जून से केनरा बैंक ने यह नया नियम लागू किया है।

मिनिमम एवरेज मंथली बैलेंस क्या है? मिनिमम एवरेज मंथली बैलेंस वह सबसे कम राशि है, जिसे जुर्माने से बचने के लिए पूरे महीने बचत खाते में बनाए रखना आवश्यक होता है। बैंक ग्राहक के अकाउंट के प्रकार और ब्रांच की लोकेशन के आधार पर मिनिमम एवरेज मंथली बैलेंस तय करते हैं। पहले केनरा बैंक के ग्राहकों को उनके खाते के प्रकार के आधार पर न्यूनतम औसत मासिक बैलेंस बनाए रखना आवश्यक था।

# मई में UPI पेमेंट ने तोड़ा रिकॉर्ड,करोड़ों का हुआ लेन-देन

**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

मई में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के जरिए लोगों ने जमकर डिजिटल पेमेंट किया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के अनुसार, मई में UPI के जरिए 18.68 बिलियन ट्रांजेक्शन हुए, जो अप्रैल के 17.89 बिलियन से काफी ज्यादा है। मई में 4.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। रुपए के हिसाब से मई में 25.14 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन हुए,जबकि अप्रैल में यह आंकड़ा 23.95 लाख करोड़ रुपये था।



पिछले साल मई की तुलना में इस बार ट्रांजेक्शन की संख्या में 33% की बढ़ोतरी हुई है। तब 14.03 बिलियन ट्रांजेक्शन हुए थे। मई में औसतन हर दिन 602 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए, जिनका कुल मूल्य 81,106 करोड़ रुपये रहा है।

2016 में शुरू होने के बाद से UPI ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। नोटबंदी के बाद डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा, स्मार्टफोन के इस्तेमाल में वृद्धि और गूगल पे,फोनपे, पेटीएम जैसे निजी ऐप्स की एंट्री ने इसे और मजबूत किया। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी हो रही है क्योंकि ज्यादातर लोग इसे पहले ही इस्तेमाल करने लगे हैं. मई में इमीडिएट पेमेंट सर्विस (IMPS) के जरिए 464 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए, जिनका मूल्य 6.41 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं,आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (AePS) से 105 मिलियन और फास्टैग से 404 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए।

### तकनीकी खामियों के बावजूद बढ़ोतरी

हाल के महीनों में UPI में कुछ तकनीकी समस्याएं भी आईं . अप्रैल में एक दिन सर्वर पर ज्यादा दबाव के कारण पेमेंट और फंड ट्रांसफर में दिक्कत हुई थी. NPCI ने बताया कि कुछ बैंकों ने "चेक ट्रांजेक्शन" API का ज्यादा इस्तेमाल किया, जिससे सिस्टम धीमा हो गया। फोनपे और गूगल पे अभी भी UPI के 80% से ज्यादा मार्केट पर कब्जा जमाए हुए हैं। सुपर.मनी, नवी, भीम और क्रेड जैसे नए ऐप्स कैशबैक और ऑफर्स के जरिए अपनी जगह बना रहे हैं।

# पाकिस्तान की GDP से ज्यादा है भारत की इन 4 कंपनियों का मार्केट कैप

**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत दशकों से खराब है। विदेशी बैंकों के कर्ज तले दबा पाकिस्तान आज अपनी गिरती अर्थव्यवस्था और गरीबी से जूझ रहा है। हालांकि,इसके बावजूद वह अपनी स्थिति को सुधारने की बजाय भारत में आतंकी साजिशों को अंजाम देने में लगा रहता है। खैर,चलिए आज आपको भारत की उन 4 कंपनियों के बारे में बताते हैं, जिनका मार्केट कैप आज के समय में पाकिस्तान की कुल जीडीपी से भी ज्यादा है। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में मामूली गिरावट के बावजूद देश की टॉप-10 सबसे बड़ी कंपनियों में से चार ने अपना मार्केट कैप बढ़ाकर निवेशकों को राहत दी,जबकि BSE सेंसेक्स 0.33 फीसदी यानी 270 अंक गिरकर बंद हुआ। वहीं,LIC, SBI, भारती एयरटेल और HDFC बैंक ने मिलकर 1.01 लाख करोड़ से ज्यादा का फायदा कमाया।

**LIC बना सबसे बड़ा गेनर**

सरकारी बीमा कंपनी LIC इस हफ्ते का सबसे बड़ी विजेता रही। कंपनी का मार्केट कैप 59,233 करोड़ बढ़कर 6.03 लाख करोड़ हो गया। यह उछाल LIC के शेयरों में आई तेजी की वजह से संभव हुआ।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com

● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले नए डीजीपी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे। राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं। बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। हालांकि इससे एक दिन पहले तक यह चर्चा होती



रही कि 31 मई को रिटायर हो रहे डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार मिल सकता है। राजीव कृष्ण 5वें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के डीजी रहते हुए ही उन्हें पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। राजीव कृष्ण अपनी अलग शैली में काम करने के लिए जाने जाते हैं। बीहड़ में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर वह चर्चा में रहे थे। 2023 की सिपाही भर्ती परीक्षा का पर्चा आउट होने पर काफी किरकिरी हुई थी। परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। इसके बाद भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद पर रहते हुए सिपाही भर्ती परीक्षा फिर से कराने की जिम्मेदारी राजीव कृष्ण को दी गई थी। इस बार यह परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के सम्पन्न हो गई थी। उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी राजीव कृष्ण एक साथ तीन पदों की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी तैनाती के जारी आदेश में लिखा है कि सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक और पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष पद के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी देने का निर्णय लिया गया है।

## नवनियुक्ति डीजीपी को मायावती ने गिनाईं चुनौतियां

यूपी नए डीजीपी (UP-DGP) राजीव कृष्ण की नियुक्ति के बाद बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने योगी सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने एक्स अकाउंट पर लगातार तीन पोस्ट कर राज्य में बढ़ते अपराध और कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने नए डीजीपी के सामने अपराध नियंत्रण और कानून का राज स्थापित करने की बड़ी चुनौती बताते हुए सरकार से सक्रिय सहयोग की मांग की है। मायावती ने एक्स अकाउंट पर पहले पोस्ट में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से ख़ासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहाँ कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। उन्होंने दूसरी पोस्ट में नए डीजीपी राजीव कृष्ण की नियुक्ति का जिक्र करते हुए लिखा कि ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुँचाने का बड़ा चैलेन्ज।

# शिक्षा सेवा आयोग पर दो जून की रोटी के लिए महाधरना आज

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग पर शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थी दो जून की रोटी के लिए महाधरना सोमवार को होगा। इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बेमियादी धरने पर बैठे अभ्यर्थियों को मनाने की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग की ओर से पुलिस आयुक्त व डीएम को पत्र भेजकर अभ्यर्थियों को वहां से किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की गई है। आयोग ने अभ्यर्थियों के आंदोलन के कारण गोपनीय कार्य में बाधा पहुंचने की आशंका व्यक्त की है। पूर्व में अभ्यर्थियों से हुई वार्ता में आयोग की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बेसिक शिक्षा विभाग से रिक्त पदों का अधियाचन मिलने के बाद ही आयोग विज्ञापन जारी करेगा और विभाग ने अब तक कोई अधियाचन नहीं भेजा है।



### अभ्यर्थियों ने हाथ जोड़कर सीएम से मांगी भर्ती

शिक्षा सेवा चयन आयोग के सामने अभ्यर्थियों का धरना लगातार चौथे दिन शनिवार को भी जारी रहा। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को शहर में थे। ऐसे में धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने हाथ जोड़कर सीएम से भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की। धरने में रजत सिंह, रोहित तिवारी, नीरज सिंह, राहुल वर्मा, मुकेश यादव, यश चौधरी, प्रमोद मौर्या, नीतीश कुमार, दीपक आदि शामिल रहे। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने निर्णय लिया है कि दो जून को दो जून की रोटी के लिए महाधरना आयोजित किया जाएगा। डीएलएड प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह ने बताया कि दो जून को पूरे प्रदेश के कोचिंग संस्थानों को बंद रखने का आह्वान किया गया है, ताकि प्रदेश भर के अभ्यर्थी महाधरना में शामिल हो सकें। महाधरना को सफल बनाने के लिए कोचिंग व प्रशिक्षण संस्थानों में छात्रों से संपर्क किया जा रहा है।

## सिपाहियों संग मिलकर दारोगा ने भाजपा कार्यकर्ता को पीटा

**सुलतानपुर।** जिले के धनपतगंज थाना परिसर में भाजपा कार्यकर्ता की दरोगा ने सिपाहियों संग मिलकर पिटाई कर दी। सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने घटना को लेकर आक्रोश जताया और कार्रवाई की मांग की। घटना रविवार की दोपहर की है। जानकारी के अनुसार अतरसुमा कला निवासी प्रमोद मिश्र जो कि भाजपा कार्यकर्ता हैं किसी काम से थाना धनपतगंज आए थे। थाने में तैनात उपनिरीक्षक विजय गुप्ता प्रमोद मिश्रा को



देखकर आग बबूला हो गए और गाली गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने गाली गलौज से मना किया तब उपनिरीक्षक विजय गुप्ता ने दो अन्य सिपाहियों के साथ गिराकर बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिसर्मी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए थाने से बाहर चले गए। भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई की सूचना जैसे ही भाजपाइयों को हुई वे बड़ी संख्या में थाना धनपतगंज पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश जताया व एसओ से तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए तहरीर दी। कोतवाल प्रवीण यादव ने बताया कि घटना से पुलिस अधीक्षक को अवगत करा दिया गया है जल्द ही कार्यवाही की जायेगी।




अयोध्या में बने भगवान श्रीराम के मंदिर को भव्यता देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। मंदिर का शिखर स्वर्ण जड़ित बनाया गया है। जो दूर से ही चमक बिखेरता है। मंदिर को दर्शनीय और भव्य बनाने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है जो कि नजर भी आ रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर के स्वर्ण जड़ित भव्य और चमकदार शिखर की तस्वीरें जारी की हैं। मंदिर में पांच जून को राम दरबार की स्थापना की जाएगी। इसके लिए अनुष्ठान तीन जून से प्रारंभ हो जाएंगे। जल्द ही मंदिर पूर्णरूप से बनकर तैयार हो जाएगा और इसके साथ ही करोड़ों रामभक्तों का संकल्प भी पूरा हो जाएगा। राम मंदिर में राम दरबार में स्थापना के लिए मूर्तियां भी आ गई हैं। राम मंदिर परिसर में कई मंदिरों का निर्माण किया गया है।

# गोरखपुर में 21 दिन तक बंद रहेंगी चिकन की दुकानें

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

जिले में चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से पांच जानवरों की मौत के बाद अब महानगर में बर्ड फ्लू की आहट से हड़कंप मच गया है। चार चिकन शॉप और चिड़ियाघर में सैंपल पॉजिटिव आने के बाद चिकन शॉप को 21 दिन के लिए बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने दुकानों पर पहुंचकर मुर्गों को नष्ट कराया और दुकानों को सेनेटाइज करने के साथ एक किलोमीटर के एरिया में विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्रवाई पूरी की।

महानगर के सभी चिकन शॉप संचालकों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शहरवासियों से किसी भी तरह की अफवाह से



बचने की अपील की गई है। गोरखपुर महानगर के झुंगिया बाजार चिकन विक्रेता, अल्युमिनियम फैक्ट्री हड़हवा फाटक चिकन विक्रेता, तारामंडल चिकन विक्रेता, भगत चौराहा चिकन विक्रेता, शहीद अशफाक उल्ला खान प्राणी के सैम्पल पॉजिटिव पाए गए हैं। इन सैंपल को 20 मई को नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कलेक्ट किया था। इनमें कुछ सैंपल एवियन इनफ्लुएंजा H5N1और H9N2 पॉजिटिव मिले हैं. इसके बाद से मुर्गा बेचने वाले दुकानदारों के चेहरे पर भी मायूसी छा गई है. उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने मुर्गों को मारने के बाद उसे साथ ले गए. रोज कमाने खाने और इस रोजगार से जुड़े छोटे तबके के लोगों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### 21 दिन नहीं बेच सकेंगे मांस

गोरखपुर महानगर और ग्रामीण इलाके में लाइव बर्ड मार्केट (जीवित मुर्गा बेचने की दुकान) 21 दिन तक तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अधिकारियों ने बाजार में उतरकर चिकन शॉप को बंद कराया और रॉ मैटेरियल को नष्ट करा दिया। संक्रमित एरिया के 1 किलोमीटर की परिधि में कलिंग मारने और पूरे इलाके को विसंक्रमित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## थाना परिसर में पुलिस के सामने युवक को मारी गोली

**मिर्जापुर।** जिले के एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षण कार्य से जुड़े युवक और युवती के संबंधों को लेकर चील्ह थाने में पंचायत चल रही थी। रविवार की दोपहर पंचायत के दौरान मामला बढ़ने पर अचानक युवक के साथ आए एक साथी ने पुलिस की तरफ रिवॉल्वर तान दिया। उसके बाद परिसर में मौजूद युवती के भाई को दौड़ा लिया और फायर कर दिया। भाई के हाथ में गोली लग गई। अचानक हुई इस घटना से परिसर में हो हल्ला मच गया।

पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। घायल को अस्पताल ले जाया गया है। जिले के एक प्रतिष्ठित स्कूल में भदोही का एक युवक पढ़ाता है। चील्ह थाने के एक गांव की युवती भी यहां शिक्षक है। दोनों के बीच संबंधों को लेकर विवाद होने पर मामला थाने पहुंच गया। युवक की तरफ से उसके साथी और युवती की तरफ से उसके परिजन और स्थानीय नेता शनिवार को पंचायत में शामिल हुए। आधी रात तक चली पंचायत में कोई हल नहीं निकला। फिर रविवार की दोपहर फिर पंचायत शुरू हुई। विवाद बढ़ने पर इंस्पेक्टर और पूरी फोर्स की मौजूदगी में युवक के साथ एक साथी ने पुलिस की तरफ ही रिवॉल्वर तान दिया।

### अवध ओझा ने किया दावा

# 2027 में यूपी में अखिलेश की बनेगी सरकार

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुना को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और बसपा सभी सियासी दलों ने अभी से आगे की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इस बीच आम आदमी पार्टी के नेता और पॉपुलर टीचर अवध ओझा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने यूपी चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने न सिर्फ ये बताया कि अगली बार प्रदेश मे किसकी सरकार बनेगी बल्कि ये भी बताया कि किसे कितनी सीटें मिल सकती हैं।



आप नेता अवध ओझा का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें वो आगामी यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर एक मीडियाकर्मी से अपनी बात रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये वीडियो बागपत जिले को फुल्हार गांव का है जिसमें उनके आसपास कुछ स्थानीय लोग भी बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि यूपी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की ही सरकार बनेगी। यही नहीं उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे।

अवध ओझा ने यूपी को लेकर किया दावा अवध ओझा कहते हैं कि "2027 में यूपी में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। ये फुल्हार गांव में हम दावा करके जा रहे हैं। उनकी 210 सीट के आसपास सीटें आएंगी। वो विजनरी नेता हैं।" आप नेता का ये वीडियो शिवम यादव नाम के सोशल मीडिया यूजर ने शेयर किया है। जिसके साथ उन्होंने लिखा कि 'अवध ओझा ने कहा 2027 में अखिलेश यादव जी यूपी के मुख्यमंत्री बनेंगे, लगता अवध ओझा का 2027 में ही विधायक बनने का सपना पूरा हो पाएगा।'

## रोल गोल्ड थमा जौहरी से 15 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के रामपुर सुहेला में जौहरी को झांसा देकर जालसाजों ने 15 लाख रुपये ठग लिए। बदले में जौहरी को रोल गोल्ड (तांबा और एल्यूमिनियम की मिश्रित धातु) के जेवर थमा दिए। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने जालसाजों को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। गोपनीय तरीके से पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मंझनपुर के मलकिया निवासी श्रीराम ने घर के बाहरी हिस्से में सर्राफा की दुकान खोल रखी है। उनका कहना है कि दो दिन पहले उनकी दुकान में दो महिलाएं, पांच पुरुष व दो बच्चे आए। उन्होंने खुद को बंजारा बताया और कहा कि अक्सर उन्हें गड़ा धन के रूप में शुद्ध सोने-चांदी के जेवरात मिलते रहते हैं। वह उन्हें 30 फीसदी कम दाम में बेच देंगे। झांसे में आए श्रीराम ने उनसे जेवरात खरीदने का सौदा तय कर लिया। श्रीराम ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जालसाजों ने उन्हें रामपुर सुहेला बुलाया और बताया कि इस समय उन्होंने वहीं डेरा डाल रखा है।

## नेशनल हाईवे पर गैस कैप्सूल के केबिन में भीषण आग, बड़ा हादसा टला

महानगर संवाददाता

गोंडा

जिले के गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर नवाबगंज थाना क्षेत्र में लोलपुर गांव के निकट गैस से भरे कैप्सूल के केबिन में अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते कैप्सूल का केबिन आग का गोला बन गया। कैप्सूल से उठ रही आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में भी भगदड़ मच गई। आग लगने की सूचना पुलिस को दी गइ। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय युवाओं की मदद से रेस्क्यू किया। हालांकि पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया कोई जनहानि नहीं हुई।

गनीमत यह रही आग की लपटें गैस



भरे कैप्सूल तक नहीं पहुंच पाईं। इससे फोरलेन पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना की सूचना पर सीओ तरबगंज यूपी सिंह, एसएस आई विश्वास चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। टैंकर चालक रामू पुत्र राम लाल ने बताया की मध्य प्रदेश से गैस लेकिर बिहार जा रहा था।

## कांस्टेबल भर्ती में चयनित युवती ने फांसी लगाकर दी जान

महानगर संवाददाता

देवरिया

यूपी के देवरिया से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां लार थाना क्षेत्र में पुलिस आरक्षी भर्ती में चयनित एक युवती ने बाथरूम में फांसी लगा ली। जब इस बात की भनक परिजनों को लगी तो आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका को 17 जून से ट्रेनिंग पर जाना था। उधर, युवती की मौत से घर पर मातम पसर गया है।



कानपुर के घाटमपुर की लबली और बबली उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी पद पर चयनित हो गई थीं। दोनों को 17 जून को प्रशिक्षण के लिए जाना था। इसके पहले वह अपने ननिहाल बलिया दो दिन पहले पहुंची। शाम को भोजन करने के बाद बबली बाथरूम में गई। बहुत देर तक वह नहीं आई तो दूसरी बहन को कुछ आशंका हुआ तो वह बाथरूम में पहुंच गई। अंदर का नजारा देख वह अवाक रह गई। बबली दुपट्टे से लटक रही थी। यह देख उसने शोर किया तो फंदे से नीचे उतार कर सीएचसी लार पहुंचाया गया। वहां से हालत गंभीर देख डॉक्टर से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज पहुंचने से पहले ही बबली की मौत हो गई। बबली के पिता व मां दोनों की पहले ही मौत हो चुकी है। मां-बाप के निधन के बाद से ही बबली काफी परेशान रह रही थी। उधर, जिले के एकौना धरमपुरवा के समीप दवा कराकर घर लौट रही महिला के सीने में बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए महिला को सीएचसी रुद्रपुर पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## STF के हत्थे चढ़ा 1 लाख का इनामी

**देवरिया।** कभी शराब तस्करी में शामिल रहा गबन के आरोपी अजय तिवारी और उसके साथी रमेश यादव को गोरखपुर की एसटीएफ ने शनिवार की शाम कुशीनगर से दबोच लिया। अजय पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। देवरिया में दर्ज धोखाधड़ी के कई मामलों में अजय फरार चल रहा था। देर रात तक कोतवाली पुलिस इनामी अजय और रमेश से पूछताछ कर रही थी। पुलिस के अनुसार उसने पूछताछ में शराब तस्करी कराने की बात भी कबूल की है। शराब कारोबार में शामिल अजय का अवैध शराब के मामले में नाम आया। इसके बाद इसके विरुद्ध लगातार जालसाजी के मुकदमे दर्ज होने लगे।

## तहसीलदार मयंक मिश्रा के साथ प्रशासनिक कार्यों पर विस्तृत चर्चा

महानगर संवाददाता

सुल्तानपुर

जिले की जयसिंहपुर तहसील में मुंबई भाजपा वरली मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी बालगोविंद तिवारी ने तहसीलदार मयंक मिश्र से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान तिवारी ने तहसील से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर मिश्र से विस्तृत चर्चा की। तहसीलदार मयंक मिश्र ने भी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उनकी प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। दोनों के



बीच क्षेत्र की बेहतरी और जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। यह भेंट स्थानीय प्रशासन और सामाजिक नेतृत्व के बीच समन्वय एवं सहयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रही।

## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म : सीट घोषित हुई रिक्त

महानगर संवाददाता

लखनऊ

हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई है। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है।

बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी



करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अलग अलग धाराओं के तहत कुल 11 का जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

# प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसे में 10 की मौत

महानगर संवाददाता

हरदोई

प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है जबकि छह घायल हैं। पहला हादसा हरदोई जिले के आंझी आलमनगर का है जहां बरातियों से भरी कार सड़क किनारे खंती में पलट गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरा हादसा अलीगढ़ के थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे का है जहां बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत जबकि छह लोग गंभीर घायल हो गए हैं। हरदोई के आंझी आलमनगर मार्ग पर शुक्रवार आधी रात के बाद बरातियों से भरी कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। मझिला थाना



क्षेत्र के भूपापुरवा मोड़ पर बेकाबू कार पलटने से दो सगे भाइयों और उनके बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। कार सवार छह बराती घायल भी हुए हैं। इन सभी को मेडिकल कॉलेज से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। कार में 12 लोग सवार थे।

**बकरों से लदा कैंटर डिवाइडर से टकराया, चार की मौत, छह घायल**

थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि एटा के कस्बा मारहरा के पशु व्यापारी कुछ लोगों के साथ दो कैंटरों में बकरे-बकरियां, भेड़ लादकर दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे। एक कैंटर पर छह और दूसरे कैंटर पर पांच लोग सवार थे। बकरों से लदा आगे चल रहा एक कैंटर गभाना हाईवे के गांव भुकरावली के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार कैंटर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गया। कैंटर के ऊपर बैठे छह लोग झटके से नीचे गिर गए।

### सात सवारी की क्षमता वाली कार में बैठे थे 12 लोग

एक बार फिर ओवरलोड वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। बेशक इस बार ऑटो या ई-रिक्शा नहीं है, लेकिन बरात में प्राइवेट कार किराये पर ले जाई गई थी। सात सवारियों के बैठने की क्षमता वाली कार में 12 लोग सवार थे। बरात जाते समय का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें कार चालक के पास वाली सीट पर दो युवक बैठे नजर आ रहे हैं। पाली के मोहल्ला भगवंतपुर निवासी रामू कार चालक था। वह पाली के ही शाजेब की प्राइवेट कार किराये पर चलाता था। नीरज के परिजनों के मुताबिक शादी में ले जाने के लिए उसने कार बुक कराई थी। सारे बराती लगभग साढ़े सात बजे निकल गए थे, लेकिन नीरज के चचेरे भाई, दोस्त और चचेरे बहनोई रात में लगभग साढ़े आठ बजे बरात जाने के लिए निकले थे।

## पूर्वोत्तर में बारिश और बाढ़ से तबाही पर अमित शाह

# 'चट्टान की तरह आपके साथ खड़े हैं'



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पूर्वोत्तर के राज्यों में इस वक्त बारिश कहर बनकर टूटी है। मिजोरम, असम, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से लेकर सिक्किम तक बाढ़ और लैंड स्लाइड से हालात बदतर होते जा रहे हैं। लोगों को अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**शाह ने दिया मदद का भरोसा**

हालात के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात की है। शाह ने स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया है। अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'असम, सिक्किम और अरुणाचल से मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्य में हो रही भारी बारिश के संबंध में बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।'

### सिक्किम में फंसे कई पर्यटक

अधिकारियों ने बताया कि असम में बारिश से सड़क मार्ग, ट्रेन और नोका सेवाएं प्रभावित हुई है। असम के 15 जिलों में स्थिति बदतर है। अरुणाचल में केवल पिछले दो दिनों में 9 लोगों की मौत हुई है। सिक्किम में 1500 से अधिक पर्यटकों के फंसने की भी खबर है। इसके अलावा मणिपुर में भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। बाढ़ और लैंड स्लाइड के कारण 3800 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कई घर पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। पूर्वोत्तर की कई नदियां उफान पर हैं।

शाह ने आगे लिखा, 'मोदी सरकार नॉर्थ ईस्ट के लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी है।' बता दें कि इस वक्त पूर्वोत्तर के कई हिस्से बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। कई घर नष्ट हो गए हैं, सड़कें बह गई हैं और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।



# शेख मुजीब नहीं, हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरों वाले नोट छापेगा बांग्लादेश

महानगर नेटवर्क

ढाका

बांग्लादेश के यूनुस प्रशासन ने शेख मुजीबुर रहमान की यादों को मिटाने का एक नया सिलसिला शुरू कर दिया है। बांग्लादेश में अब शेख मुजीब की तस्वीरों वाले बैंक नोट छपना बंद हो गए हैं। 1 जून से प्रशासन की तरफ से नई तस्वीरों के साथ नोटों को जारी करना शुरू कर दिया गया है। इन नोटों पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख मुजीब की तस्वीर नहीं है बल्कि इनके ऊपर ऐतिहासिक इमारतों और कलाकृतियों की तस्वीरों को छापा गया है। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद ही बांग्लादेश के बैंक ने घोषणा कर दी थी कि वे नए नोटों को जारी करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

एएफपी से बात करते हुए बांग्लादेश बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा कि नई करेंसी बांग्लादेश के प्राकृतिक स्थलों और ऐतिहासिक इमारतों को प्रदर्शित करेगी। उन्होंने कहा, नई डिजाइन के तहत अब बांग्लादेशी नोटों पर किसी इंसान की तस्वीर नहीं होगी। इसके बजाय हम इन पर प्राकृतिक स्थल ऐतिहासिक इमारतों को हिस्सा बनाएंगे। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इन नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें इसके अलावा जैनुल आबेदीन की कलाकृति और 1971 की लड़ाई में शहीद हुए लोगों को श्रृद्धांजलि देने वाले राष्ट्रीय शहीद स्मारक की तस्वीरें शामिल होंगी।

# आज कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार : सलमान खुर्शीद

### कश्मीर की धरती पर विकास बढ़ा



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने मोदी सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने की तारीफ की है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जकार्ता पहुंचे खुर्शीद ने कहा कि 370 हटने के बाद कश्मीर में समृद्धि आई है और लोकतांत्रिक प्रगति भी हुई है। इसे खत्म करने से यह धारणा भी खत्म हो गई की कश्मीर भारत के अन्य क्षेत्रों से अलग है। ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने और पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में लोगों से बात करते हुए कहा, "आर्टिकल 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष संवैधानिक दर्जे से क्षेत्र में अलगाव की भावना को बढ़ावा मिल रहा था, जो कि एक बड़ी समस्या थी। इसकी वजह से वहां ऐसी धारणा बन रही थी कि वह देश के बाकी हिस्सों से किसी तरह से अलग है। लेकिन आर्टिकल 370 को निरस्त कर दिया गया और बाद में इसे समाप्त कर दिया गया।" उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने के बाद हुए लोकतांत्रिक लाभों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसे हटाने के बाद जो चुनाव हुए उनमें मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक नव निर्वाचित सरकार का गठन हुआ। इससे कश्मीर की धरती पर विकास बढ़ा है। दुर्भाग्य से कुछ लोग हैं जो इसे उसी पुराने दौर में वापस ले जाना चाहते हैं और हम ऐसा नहीं होने देंगे।

**पाकिस्तान को दिया संदेश**

खुर्शीद ने कहा, कोई भी देश अपने किसी हिस्से को नहीं छोड़ता कोई भी परिवार अपने किसी हिस्से को अलग नहीं करता.. और हम यही संदेश लेकर आए हैं कि कश्मीर हमारा हिस्सा है और हम इसे अलग नहीं होने देंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खरगे ने पीएम मोदी पर कसा तंज

# खुद की तारीफ करने की जरूरत नहीं

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र की सुरक्षा की बात हो तो देश भर के सभी नेताओं को शांत रहना चाहिए। हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौर पर गए हुए हैं ऐसे में जब तक वह वापस नहीं आ जाते चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी को चुनावी भाषणों में अपनी प्रशंसा वाले बयान देने से बचना चाहिए। पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा हुआ है। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे भाषण देने से बचना चाहिए। हमें पता होना चाहिए कि कब क्या बोलना है। राष्ट्रीय मामलों में एकता होनी चाहिए और अपने विरोधियों को हराने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले पर चुप रहना चाहिए। बोलने से पहले समझना चाहिए कि आखिर हुआ क्या है। प्रधानमंत्री पहले कह चुके हैं कि उन्होंने सेना को पूरा अधिकार दिया है तो फिर वह अब क्यों बोल रहे हैं? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "हमने कहा कि आइए संसद बुलाएं और इस बारे में बात करें। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी अपनी संसद बुलाई है और चर्चा कर रहा है।

## शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर बोलीं कंगना

# बंगाल को उत्तर कोरिया मत बनाओ

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी पर बॉलीवुड अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत का रिएक्शन सामने आया है। कंगना रनौत ने शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रिहाई की मांग की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को गलत बताया और कहा कि बंगाल को उत्तर कोरिया मत बनाओ।

दरअसल बीते दिनों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और लॉ पढ़ रही छात्रा शर्मिष्ठा पनोली नाम की एक छात्रा ने पैगंबर मुहम्मद को लेकर





अपमान जनक टिप्पणी कर दी थी। उनकी इस टिप्पणी को लेकर काफी विवाद छिड़ गया। हालांकि, बाद में शर्मिष्ठा ने अपने बयान को लेकर माफी मांगते हुए वो वीडियो पोस्ट डिलीट कर दिया था। इस मामले पर विवाद तब और बढ़ गया, जब पश्चिम बंगाल पुलिस ने शर्मिष्ठा के खिलाफ मामला दर्ज कर गुरुग्राम से उसे गिरफ्तार कर लिया था। शर्मिष्ठा पनोली के समर्थन में उतरी बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने उनकी गिरफ्तारी को गलत बताया है। कंगना का कहना है कि कानून का इस्तेमाल करके किसी को सताना ठीक नहीं है। कंगना रनौत ने कहा कि शर्मिष्ठा ने अपनी अभद्र भाषा के लिए माफी मांग ली है और उस पोस्ट को भी डिलीट कर दिया है। उन्होंने कहा कि माफी और पोस्ट डिलीट करने के बाद भी किसी को कानून का इस्तेमाल करके सताना और उसका करियर खराब कर देना गलत है। इस दौरान कंगना रनौत ने पश्चिमी बंगाल पुलिस द्वारा शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तंज के लहजे में कहा कि बंगाल को नॉर्थ कोरिया मत बनाइए।

# आग से मत खेलो, ताइवान के मुद्दे पर चीन ने अमेरिका को चेताया

महानगर नेटवर्क

बीजिंग



चीन ने एक बार फिर से ताइवान के मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका को चेतावनी दी है। चीन की तरफ से कहा गया है कि वाशिंगटन को ताइवान मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्हें आग से खेलने से बचना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय की तरफ से यह चेतावनी अमेरिका रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान को लेकर चीन के मंसूबे वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इस वजह से हमारे सहयोगियों और भागीदारों को रक्षा पर अपनी भूमिका निभानी होगी। इस मुद्दे पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "चीन को रोकने के लिए अमेरिका को ऐसी किसी सौदेबाजी से बचना चाहिए और उन्हें आग से नहीं खेलना चाहिए।" उन्होंने कहा, हमने इस मामले में अमेरिकी पक्ष के सामने अपनी गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं। हम उनकी इन टिप्पणियों की निंदा करते हैं। इसके अलावा बीजिंग ने ताइवान के मुद्दे को चीन का आंतरिक मामला बताते हुए कहा कि विदेशी लोगों या देशों को इस मामले में हस्ताक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उन्हें कोई अधिकारा है।

## कांग्रेसी साथियों द्वारा किए जा रहे हमलों पर बोले थरूर

# लोकतंत्र में आलोचना करने की आजादी सभी को

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने और पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए विदेश गए कांग्रेस सांसद शशि थरूर के ऊपर उनकी पार्टी के ही नेता तंज कस रहे हैं। थरूर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका मकसद दुनिया के सामने भारत के पक्ष को रखना और आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने पर है। इस मिशन को पूरा करने के बाद जब वह वापस हिन्दुस्तान लौटेंगे तो अपने साथियों से भी बात कर लेंगे।

कांग्रेस साथियों द्वारा किए जा रहे कटाक्षों पर थरूर ने कहा, मुझे लगता है कि यह समय अपने मिशन को पूरा करने पर लगाना चाहिए। मैं इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि एक लोकतंत्र में आलोचना करने की आजादी सभी को है लेकिन मुझे लगता है कि इस समय हम उन पर ध्यान नहीं दे सकते, जब हम भारत वापस जाएंगे, तो हम वहां अपने सहकर्मियों, आलोचकों और मीडिया से बात करेंगे.. लेकिन फिलहाल हम अपने मिशन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद थरूर का झुकाव सरकार की तरफ दिखाई दिया था। यहां तक की जब पाकिस्तान के साथ सीजफायर की घोषणा हुई और कांग्रेस पार्टी ने इस पर सवाल उठाते हुए इंदिरा गांधी के नाम से कैंपेन शुरू किया तब भी थरूर ने पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाते हुए इसे 1971 से अलग समय बताया और सीजफायर को लेकर सरकार की तारीफ भी की।

# CBI ने रंगे हाथ रिश्वत लेते IRS अधिकारी को किया गिरफ्तार

### फूड कंपनी के मालिक ने की थी शिकायत

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने शुक्रवार शाम को आईआरएस अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंघल को रंगे हाथ रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी इसलिए हुई क्योंकि फूड फ्रैंचाइजी चेन ला पिनोस के मालिक सनम कूपर ने आईआरएस अधिकारी के खिलाफ रिश्वत के मामले में शिकायत की थी।

आईआरएस अधिकारी को उनके दिल्ली स्थित आवास से आयकर नोटिस का मामला खत्म करने के लिए बिचौलिए के जरिए 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगने को लेकर सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया। ला पिनोस के मालिक ने दावा किया कि कारोबारी विवाद के बाद उन्हें आधिकारिक नोटिस भेजकर परेशान किया जा रहा है।

साल 2017 में सनम कपूर ने मुंबई के व्यवसायी हर्ष कोटक के साथ एक फ्रैंचाइज़ी समझौता किया था, जो कथित तौर पर इस उद्यम में सिंघल की माँ के साथ साझेदारी कर रहे थे। कपूर के वकील गगनदीप सिंह जम्मू के अनुसार, उत्पीड़न तब शुरू हुआ जब कपूर को पिछले साल पता चला कि कोटक ने अन्य स्रोतों से सस्ते दामों पर कच्चा माल खरीदना शुरू कर दिया है, जो उनके समझौते का उल्लंघन है।

# वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर धर्म को रखना अनुशासनहीनता: सुप्रीम कोर्ट

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इनकार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं।

कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी। लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा;-हमारी सेना सभी धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के लोगों से बनी है, जिनका एकमात्र उद्देश्य देश की रक्षा करना है। सेना की एकता उनकी वर्दी से बनती है, न कि धर्म या जाति से। कमलेसन मार्च 2017 में 3rd कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट पद पर भर्ती हुए थे। उन्हें 'बी स्क्वाड्रन' का ट्रूप लीडर बनाया गया था, जिसमें अधिकतर सिख जवान शामिल थे। कमलेसन ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी रेजिमेंट में मंदिर और गुरुद्वारा तो है, लेकिन सभी धर्मों के लिए कोई 'सर्व धर्म स्थल' नहीं था, और न ही चर्च मौजूद था।

इस पर कोर्ट ने कहा कि भले ही कुछ रेजिमेंटों के नाम या परंपराएं किसी धर्म या क्षेत्र से जुड़ी हों, लेकिन इससे सेना का सेक्युलर चरित्र कमजोर नहीं होता।

# नाबालिग लड़की का दोस्तों संग मिलकर किया गैंगरेप

### मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेलगावी में नाबालिग लड़की के गैंगरेप का मामला सामने आया है। इसे लेकर एपीएमसी पुलिस स्टेशन में पॉक्सो एक्ट के तहत 6 आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। पीड़िता और सभी आरोपी बेलगावी के मूल निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पीड़िता का बलात्कार किया। आरोपियों ने इस घिनौने कृत्य को रिकॉर्ड कर लिया और पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगे। इस तरह, तीन अन्य आरोपियों ने दोबारा उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने गैंगरेप के इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें से 2 नाबालिग हैं। छठे आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। बेलगावी पुलिस कमिश्नर भूषण बोरसे ने बताया कि मुख्य आरोपी (ए1 और ए2) ने यह अपराध किया। दुष्कर्म की घटनाएं अलग-अलग जगहों पर हुईं। मामले की गहन जांच की जा रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# बीएसएफ ने पाकिस्तान से भेजे गए 4 ड्रोन और ड्रग्स किए बरामद

महानगर नेटवर्क

अमृतसर

पंजाब में बीएसएफ के बहादुर और सतर्क जवानों ने सीमा पार से हो रही बड़ी तस्करी को नाकाम किया है. सिर्फ एक ही दिन में अमृतसर और तरनतारन जिला के कई गांवों के पास से चार उड़ते हुए ड्रोन और दो हेरोइन के पैकेट बरामद किए गए. यह सफलता बीएसएफ सैनिकों की कड़ी मेहनत, तेज़ नजर और तकनीकी उपयोग का परिणाम है. सुबह के समय, बीएसएफ के जवान अमृतसर के रत्तंखुर्द गांव के पास एक खेत की जांच कर रहे थे. वहां उन्होंने



एक क्षतिग्रस्त डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन जमीन पर पड़ा पाया. यह ड्रोन तस्करों की तरफ से भेजा गया था. कुछ समय बाद, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने खेमेंकरन गांव के पास एक खेत की तलाशी ली. वहां उन्हें एक और डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन मिला और साथ ही लगभग 532 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट भी बरामद हुआ. यह ड्रग्स पाकिस्तान से लाए जाने की कोशिश थी. स्थानीय किसान की मदद से बीएसएफ के जवान धनोये खुर्द गांव के पास एक और ड्रोन बरामद करने में सफल रहे. किसान ने समय पर उन्हें सूचना दी जिससे तस्करों की योजना विफल हुई. शाम के समय बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने डाल गांव के पास एक खेत की संयुक्त तलाशी ली. वहां एक टूटा हुआ ड्रोन और लगभग 485 ग्राम हेरोइन का दूसरा पैकेट मिला.

# फिर से ताकतवर होते जा रहे कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन फिर से ताकतवर होते जा रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल कर दिया। वहीं, पार्टी को चुनावों में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान इसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के चलते बैन लगाया गया था। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पार्टी पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंड ने यह निर्देश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पारंपरिक चुनाव चिन्ह ₹तराजू₹ के तहत चुनाव लड़ने की अनुमति देना चुनाव आयोग (EC) के विवेक पर निर्भर करेगा।

# दो टुकड़ों में बंटा पाक!

### विद्रोहियों का सुराब शहर पर कब्जे का दावा, सेना के हथियार भी लूटे



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से चारों खाने चित्त पाकिस्तान अभी उबरने की कोशिश कर रहा है, इस बीच विद्रोहियों की बगावत ने पाकिस्तान की नींव हिला दी है। बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तान के सुराब शहर पर कब्जे का दावा किया है। तीन घंटे से अधिक चले इस हमले में विद्रोहियों ने न सिर्फ पुलिस और प्रशासनिक भवनों पर कब्जा कर लिया, बल्कि पाकिस्तानी सेना के हथियार भी लूट लिए। विद्रोही गुट के प्रवक्ता जियंद बलूच ने बयान में कहा है कि अभियान में पाकिस्तानी राज्य की सैन्य, प्रशासनिक और वित्तीय सुविधाओं को निशाना बनाया गया।

**कई सरकारी इमारतों पर कब्जा**

विद्रोहियों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस थानों, डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, सरकारी गेस्ट हाउस और स्थानीय बैंकों पर कब्जा कर लिया। संगठन ने दावा किया कि उन्होंने राज्य के ढांचे को पंगु बना दिया, कई सरकारी वाहनों, बैंकों, गोदामों और गेस्ट हाउस को आग के हवाले कर दिया। विद्रोहियों 30 से अधिक राइफलों समेत कई हथियार और सैन्य उपकरण जब्त किए हैं। उन्होंने कई पुलिस और लेवीज़ जवानों को गिरफ्तार भी किया, जिन्हें बाद में शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। बयान के मुताबिक जब विद्रोही DC ऑफिस में घुसे, तो असिस्टेंट डिप्टी कमिश्नर हिदायतुल्ला बुलेदी ने उनका सामना करने की कोशिश की। उन्हें पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया गया, जहां दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पहला सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलीफेंट 2025' उलानबटार में 31 मई से शुरू हो गया है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना का यह पहला अंतरराष्ट्रीय संयुक्त अभ्यास इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि चीन से अच्छे रिश्ते होने के बावजूद भारत से अपने मैत्रीपूर्ण तथा रणनीतिक संबंधों को मंगोलिया बेहद अहम मानता है। भारत के कई निकटस्थ पड़ोसी देशों से उतार-चढ़ाव के संबंधों के बीच मंगोलिया एशिया में भारत का एक भरोसेमंद सामरिक तथा आर्थिक सहयोगी है। भारत-मंगोलिया के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि दोनों देशों का संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट का यह 17वां संस्करण है। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार स्थित विशेष बल प्रशिक्षण केंद्र में संयुक्त अभ्यास शुरू होने के मौके पर वहां स्थित भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे और मंगोलियाई की ओर से मेजर जनरल लखगवासुरेन गनसेलम सहित ने इसमें भाग लेने वाले दोनों सैनिकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। साथ ही उम्मीद जताई कि यह अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच अधिक सहयोग और आपसी समझ को बढ़ावा देगा। दोनों देशों की ओर से इस बात पर भी जोर दिया गया कि यह संयुक्त अभ्यास न केवल दोनों सेनाओं की आपरेशन तैयारियों को बढ़ाएगा, बल्कि भारत-मंगोलिया के स्थायी रक्षा संबंधों को मजबूत करने में भी योगदान देगा। सामरिक रिश्तों के अलावा बौद्ध संस्कृति-परंपरा का अनुसरण करने के लिए पहचाने जाने वाले मंगोलिया का भारत से सांस्कृतिक जुड़ाव सहज है, जबकि आर्थिक मोर्चे पर भी दोनों देशों का सहयोग निरंतर बढ़ रहा है।

# केंद्र से टकराव के मूड में डीएमके

### तमिल विरोधी रवैए का लगाया आरोप

महानगर नेटवर्क

चेन्नई

तमिलनाडु की प्रमुख पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) की वार्षिक महासमिति की बैठक इस साल मदुरै में आयोजित की गई। यह पहली बार था जब 1977 के बाद मदुरै में इतनी बड़ी पार्टी बैठक हुई। मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लगभग 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

बैठक में केंद्र सरकार की तमिलनाडु को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति रोकने के फैसले की निंदा की गई। इसके साथ ही हिंदी थोपने की केंद्र की नीति और तमिल भाषाई चेतना पर होने वाले दबाव पर कड़ा विरोध जताया गया। डीएमके ने कीझाडी उत्खनन रिपोर्ट जारी न करने और रेलवे परियोजनाओं



में तमिलनाडु की उपेक्षा को भी केंद्र सरकार की तमिल विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताया। इसके अलावा मुसलमानों की संपत्तियों पर लागू वक्फ संशोधन अधिनियम और संघ के जांच निकायों के दुरुपयोग को भी भाजपा सरकार की आलोचना का विषय बनाया गया।

**तमिलनाडु की प्रगति और सामाजिक कल्याण पर जोर**

इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जयंती को शास्त्रीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही द्रविड़ मॉडल सरकार की महिलाओं, किसानों, मछुआरों, बुनकरों और सभी वर्गों के जीवन में सुधार के लिए सराहना की गई। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के काम को भविष्य की उम्मीद के रूप में स्वीकार करते हुए उनके समर्थन की भी अपील की गई. डीएमके ने कहा कि वह तमिल समुदाय की पहचान और गौरव को बढ़ावा देने वाली सरकार है। बैठक में भाजपा सरकार को तमिलनाडु और संविधान के खिलाफ षड्यंत्रकारी बताते हुए उसकी निंदा की गई। AIADMK शासनकाल में हुए पोलाची यौन उत्पीड़न मामले की भी आलोचना की गई और हालिया फैसले का स्वागत किया गया।

# दान करना सबसे पुण्य का कार्य



व्यक्ति बड़ी मेहनत से पैसे कमाता है और उस पैसे से परिवार समेत अपना जीवन यापन करता है। शास्त्रों में मेहनत से कमाए हुए धन को परिवार और अपने जीवन यापन पर खर्च करना तो बताया ही गया है। इसी के साथ उस पैसों से दान कर के पुण्य कैसे कमाया जाए यह भी बताया गया है। कुछ लोग मेहनत से धन तो कमाते हैं। परंतु उस कमाए हुए धन से एक भी दान नहीं करते हैं और ढेर सारा पैसा कमाने के बाद भी धन की कमी का आभास करते हैं। धन अर्जित करने के बाद भी इन लोगों के पास पैसा नहीं रुकता है या अनावश्यक कार्यों में पैसा खर्च हो जाता है। आइए आज हम आपको बता रहे हैं कि शास्त्र में मेहनत से कमाई हुई पूंजी को शुभ कार्यों में कितना अंश दान करने से धन की बरकत होती है।

**दान देने से पहले इन बातों का रखें ध्यान**

⏭ शास्त्रों में बताया गया है कि मनुष्य को न्यायपूर्वक ढंग से अर्जित किए हुए धन के 10वें भाग को दान करना चाहिए। यदि आप अपनी कमाई का 10वां अंश शुभ कार्यों या मंदिर में दान करते हैं,तो यह दान परिवार का भरण पोषण करने के बाद ही दान दें। परिवार की इच्छा और उनको कष्ट देकर यदि आप दान देते हैं,तो यह दान फलित नहीं माना जाता है। इसलिए पत्नी, पुत्र और परिवार को कष्ट पहुंचा कर दान नहीं देना चाहिए।

⏭ दान देने के लिए श्रद्धा होनी चाहिए। मान्यता है कि वही दान फलित होता है,जो स्वयं जाकर भेंट किया जाए। किसी को घर पर बुलाकर दिया हुआ दान उत्तम श्रेणी का दान नहीं माना जाता है। उसका फल मिलता तो हैं परंतु मध्यम श्रेणी के अनुसार उसका पुण्य एकत्रित होता है। किसी को भी दान करें,तो उसके द्वार जाकर ही दान देना चाहिए ऐसा शास्त्रों में बताया गया है।



⏭ माना जाता है कि दान करते समय यदि उस व्यक्ति के कोई कान भरता है या फिर उसे दान जैसे पुण्य कर्म करने से रोकता है,तो वह व्यक्ति शीघ्र ही कंगाल हो जाता है। ब्राह्मणों, असहाय लोगों और गौओं की सेवा में दी गई कमाई का दान महादान कहलाया जाता है। यदि इनकी सेवा में दिए हुए दान को कोई रोकता है या बाधा उत्पन्न करता है,तो वह भयंकर दुःख का भोगी होता है।

⏭ दान की सामग्री को हमेशा दोनों हाथ लगाकर ही सम्मान पूर्वक सामने वाले को दान देना श्रेष्ठ माना जाता है। ब्राह्मण को दान देते समय हमेशा उस दान का सामर्थ अनुसार संकल्प लेना चाहिए। वही दान आपके कर्म में संचित होता है और उसका शुभ फल आपको शीघ्र मिलता है। मान्यता है जो दान हम पूर्ण विधि विधान से देते हैं,वही फल हमें आगे चल कर मिलता है।

⏭ पितृ के निमित्त दिया दान तिल को होठ में रख कर देना चाहिए वहीं देवताओं के निमित्त दिए हुए दान के समय चावल का प्रयोग हाथों में करना चाहिए। तभी वह दान फलित होता है और देव एवं पितृ उसे खुशी से स्वीकार कर आशीर्वाद देते हैं।

⏭ शास्त्रों में घर, वस्त्र, कन्या, अन्य और गौ माता का दान देने का विधान उत्तम बताया गया है। एक ही व्यक्ति को दान देना चाहिए।

# महिलाओं के लिए सुपरफूड



बढ़ती उम्र के साथ हमें अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव कर लेने चाहिए। खासतौर से महिलाओं को अपनी डाइट का ज्यादा ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। ऐसे इसलिए कहा जाता है,क्योंकि 40 साल के बाद महिलाओं के शरीर में काफी हार्मोनल बदलाव आने लगते हैं। जिसका असर उनकी सेहत पर भी होने लगता है। बढ़ती उम्र चेहरे पर दिखने लगती है। शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। अगर आप लंबे समय तक जवां रहना चाहती हैं और एजिंग को दूर करना चाहती हैं तो डाइट में इन 4 चीजों को जरूर शामिल कर लें।

**आंवला-** महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आंवला बहुत फायदेमंद माना गया है। आयुर्वेदिक दवाओं में आंवला का इस्तेमाल किया जाता है। इसे चिर यौवन फल भी कहा जाता है। यानि आंवला खाने से आपकी बढ़ती उम्र थम जाती है। आंवला शरीर के तीनों दोषों को कंट्रोल करता है। इससे कब्ज, गैस, एसिडिटी और हड्डियों से जुड़ी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आंवला खाने से त्वचा, बाल और इम्यूनिटी मजबूत बनती है। एजिंग को कम करने के लिए आंवला कमाल का काम करता है।

**अशोका-** अशोका एक आयुर्वेद टॉनिक है जिसे काफी हेल्दी माना जाता है। महिलाओं को के लिए अशोका बहुत फायदेमंद है। इससे फीमेल की फर्टाइल हेल्थ अच्छी रहती है। 40 की उम्र के बाद मेंस्ट्रुअल साइकिल को ठीक बनाए रखने में अशोका से मदद मिलती है। इससे मेनोपॉज के दौरान आने वाली परेशानियों को भी कम किया जा सकता है।

**शतावरी-** ये महिलाओं के लिए एक जादुई जड़ी-बूटी की तरह काम करती है। महिलाओं के हार्मोन्स को बैलेंस करने में शतावरी मदद करती है। इससे दिमाग और शरीर काफी रिलैक्सिंग फील करता है। पीरियड्स, फर्टिलिटी और मेनोपॉज के दौरान शतावरी काफी फायदेमंद साबित होती है। 40 साल के बाद महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

**मोरिंगा-** सुपरफूड मोरिंग किसी वरदान से कम नहीं है। महिलाओं की सेहत के लिए मोरिंगा बहुत फायदेमंद माना गया है। मोरिंग में आयरन, कैल्शियम और भरपूर मिनरल्स पाए जाते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व एजिंग को कम करने में मदद करते हैं। मोरिंगा से वात और कफ को बैलेंस करने और वजन को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है।

# स्वस्थ, सुंदर और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हेल्दी फूड्स

उम्र बढ़ने के साथ आपको शरीर और त्वचा का खास ख्याल रखने की जरूरत है। खान-पान का असर आपकी सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है, ऐसे में चेहरे पर झुर्रियां दिखने लगती हैं। त्वचा लटकने लगती है या फिर रंगत फीकी पड़ने लगती है। अगर आपको भी ऐसी समस्या हो रही हैं,तो आपको अपनी लाइफस्टाइल और भोजन में कुछ बदलाव करने चाहिए। त्वचा को हेल्दी और



लंबे समय तक जवान बनाए रखने के लिए आपको डाइट में कुछ सुपरफूड जरूर शामिल करने चाहिए। ये हैं चमकदार स्किन के लिए 5 सुपरफूड।

**टमाटर**

हेल्दी और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए टमाटर बहुत अच्छा विकल्प है। आप खाने में रोज एक टमाटर खाएं इससे शरीर को विटामिन ए, विटामिन सी और पोटैशियम अच्छी मात्रा में मिलेगा। ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में टमाटर ज़रूर शामिल करें।

**पालक**

आपके स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जियां बहुत फायदे मंद हैं। पालक थकान दूर करने, नींद की कमी पूरा करने, एनीमिया और डार्क सर्कल की समस्या को दूर करने में मदद करता है। पालक से शरीर को भरपूर आयरन, विटामिन के और सी मिलता है।

**नट्स और सीड्स**

स्वस्थ त्वचा पाने के लिए आप खाने में नट्स और सीड्स जरूर शामिल करें। डाइट में बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट शामिल करने चाहिए। फ्लैक्स सीड्स, कद्दू के बीज, चिया सीड्स को भी अपने आहार का हिस्सा बनाएं। इनसे विटामिन ई मिलता है, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखता है।

**दही और ओटमील**

आपको डाइट में विटामिन बी से भरपूर दही और ओट्स जैसी चीजें भी अपनी डाइट में शामिल करनी चाहिए। त्वचा में नमी बरकरार रखने के लिए विटामिन बी बहुत जरूरी है। इसके लिए आप दही जरूर खाएं।

**बेरीज़**

त्वचा को हेल्दी रखने के लिए डाइट में खट्टे फल और बेरीज़ जरूर शामिल करनी चाहिए। खट्टे फलों से शरीर को विटामिन सी मिलता है और बैरीज शरीर में कोलेजन की मात्रा बढ़ाने में मदद करते हैं। कोलेजन त्वचा को मुलायम और जवान बनाए रखने में मदद करता है। बेरीज़ में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बढ़ती उम्र को भी कम करते हैं।

# विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है बाजरा

आयुर्वेद में कहा गया है कि अगर आपको स्वस्थ रहना है तो सीजन के हिसाब से भोजन करना चाहिए। यानि ऋतु फल, सब्जियां और अन्न को अपने भोजन का हिस्सा बनाएं। ठंड में ऐसे फल सब्जियां आते हैं,जो शरीर को गर्म रखते हैं और बीमारियों से बचाते हैं। बाजरा की रोटी खाने में स्वादिष्ट लगती है और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। सर्दियों में बाजरा की रोटी और सरसों का साग खाने को मिल जाए तो मज़ा आ जाता है। पंजाब से लेकर हरियाणा और यूपी में बाजरा काफी खाया जाता है। फाइबर से भरपूर बाजरा प्रोटीन, विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है।



**बाजरा में कौन से पोषकतत्व पाए जाते हैं**

सबसे पहले जान लें कि बाजरा में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। बाजरा में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। डाइट्री फाइबर, प्रोटीन और विटामिन भी भरपूर होता है। बाजरा आयरन और जिंक का अच्छा सोर्स है। इसके सेवन से शरीर को विटामिन बी3, विटामिन बी6 और विटामिन बी9 मिलता है।

**बाजरा से क्या क्या बनता है**

बाजरा से आप कई तरह की डिश बनाकर खा सकते हैं। आप गेहूं के आटे में बाजरा मिक्स करके खाने में शामिल कर सकते हैं। आप सिर्फ बाजरा की ही रोटी बनाकर खा सकते हैं। बाजरा के पराठे और मीठी टिक्की भी बनती है। बाजरा की खिचड़ी भी खाने में बहुत टेस्टी लगती है। आप चाहें तो बाजरा को उबालकर स्पाउट्स की तरह खा सकते हैं।

**बाजरा खाने के फायदे**

हार्ट अटैक से बचाए- आजकल हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर से सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में दिल के मरीज को बाजरा का सेवन करना चाहिए। इसमें काफी मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है जो हार्ट के लिए अच्छा होता है।

**डायबिटीज को कंट्रोल करे-**

डायबिटीज के मरीज को खाने में आटा सोच समझकर खाना चाहिए। डायबिटीज में बाजरा का आटा बहुत फायदेमंद होता है। बाजरे की रोटी खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। क्योंकि इसमें फाइबर काफी होता है। बाजरा खाने से कब्ज से भी राहत मिलती है।

**हाई ब्लड प्रेशर में फायदा-**

हाइपरटेंशन के शिकार लोगों को बाजरा की रोटी खानी चाहिए।

**बैड कोलेस्टॉल घटाता है-**

फिटनेस फ्रीक लोग बाजरा यानि मिलेट्स का सेवन करने लगे हैं। पहले बाजरा गांव- देहात के लोग ज्यादा खाते थे। यही वजह है कि उनका शरीर बीमारियों से दूर रहता था। बाजरा खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

# बादाम खाने का सही तरीका

हेल्दी रहने के लिए डॉक्टर्स नट्स और सीड्स खाने की सलाह देते हैं। सबसे ज्यादा फायदेमंद ड्राईफ्रूट में बादाम का नाम सबसे ऊपर आता है। रोजाना बादाम खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। ज्यादातर लोग सुबह के वक्त ही बादाम खाते हैं। कुछ लोग पानी में भिगोकर बादाम खाते हैं तो कुछ लोग रोस्टेड बादाम खाते हैं।



**बादाम खाने का सही समय**

बादाम खाने का सही समय सुबह का वक्त होता है। आप खाली पेट बादाम खाएंगे तो इससे शरीर को तुरंत एनर्जी मिलेगी। आप ठंड में बिना भिगोए भी बादाम खा सकते हैं। वैसे भीगे हुए बादाम सबसे ज्यादा फायदा करते हैं। बादाम में फाइबर भी होता है जिससे पेट भर जाता है। आप चाहें तो शाम को स्नैक्स के रूप में भी रोस्टेड बादाम खा सकते हैं। बच्चों को बादाम का पाउडर बनाकर दूध में डालकर या फिर दलिया और हलवा में मिक्स करके खिला सकते हैं।

**दिन में कितने बादाम खाने चाहिए**

मुट्ठी बंद करके जितने बादाम हाथ में आएं आप उतने बादाम एक दिन में खा सकते हैं। यानि आप करीब 8-10 बादाम रोजाना खा सकते हैं। सर्दियों में बादाम की मात्रा थोड़ी बढ़ा सकते हैं। गर्मी के मौसम में आपको भिगोकर ही बादाम खाना चाहिए। भीगे हुए बादाम ज्यादा फायदा करते हैं इन्हें पचाना आसान हो जाता है। बच्चों को 2-3 बादाम खिला सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को 5-6 भीगे बादाम खाने के लिए दे सकते हैं।

**बादाम खाने के फायदे**

दिमाग को तेज बनाए- रोजाना बादाम खाने से मैमोरी तेज होती है। बादाम में फाइबर और प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है। जो दिमाग को तेज बनाता है। बच्चों के ब्रेन को शार्प बनाने ते लिए बादाम जरूर खिलाएं। बादाम में विटामिन ई और बी 6 होता है जो अल्ज़ाइमर के खतरे को कम करता है। रोज बादाम खाने से भूलने की बीमारी नहीं होती है।

**खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाए**

दिल के मरीज के लिए बादाम बहुत फायदेमंद माना जाता है। बादाम खाने से शरीर को पोटेशियम, मैग्नीशियम और प्लांट प्रोटीन मिलता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। भीगे हुए बादाम में कम कैलोरीज होती हैं जिससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

आजकल की लाइफस्टाइल और स्ट्रेस लोगों में नसों की बीमारी का कारण बन रही है। स्थिति ये है कि बहुत से लोग साइटिका, सर्वाइकिल और फिर वैरिकोज वेन्स की समस्या से गुजर रहे हैं। ये समस्या ऐसी है कि लोगों को उठने-बैठने और चलने फिरने तक में परेशान करती है। ऐसे में सोने का तरीका या कहें कि तकिया लगाकर आप कैसे सोते हैं ये सब इस समस्या को प्रभावित करता है। ऐसे में जानना जरूरी है कि सोते समय आप तकिया कहां और कैसे लगाएं। तो, जानते हैं इन तमाम चीजों के बारे में विस्तार से।



# नसों की बीमारी वाले सोते समय तकिया कहां लगाएं?

**साइटिका में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?**

साइटिका में आपके हिप्स और आपके पैर के पिछले हिस्से में दर्द बहुत होता है। ऐसी स्थिति में सोने से आपकी पीठ के निचले हिस्से और कूल्हों में मरोड़ हो सकती है, जिससे तंत्रिका पर और अधिक दबाव पड़ने से दर्द बढ़ सकता है। ऐसे में अपने घुटनों के बीच तकिया रखकर सोने से आपको अपनी रीढ़ को सीधा रखकर दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है।

**वैरिकोज में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?**

वैरिकोज मुड़ी हुई नसें होती हैं जो त्वचा के ठीक नीचे होती हैं। ये आमतौर पर पैरों में होते हैं। कभी-कभी वैरिकाज नसें शरीर के अन्य हिस्सों में भी बन जाती हैं। ऐसे में बाईं करवट सोने से वैरिकोज वेन्स और अन्य संवहनी समस्याओं में आराम मिलता है। बाईं करवट सोने से वेना कावा पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव से राहत मिलती है और इससे दर्द कम होता है। ऐसे में तकिया पैरों के नीचे लगाएं ताकि पैर आराम में आएं और नसों का प्रेशर कम हो। तो, अगर आपको इन दोनों समेत नस की कोई भी बीमारी है तो सिर में तकिया लगाने की जगह पैरों मे लगाएं और बाईं करवट सोएं। इससे आराम महसूस करेंगे जिसकी वजह से इसके दर्द से राहत मिलती है।

# विटामिन की कमी पहचानने के सरल तरीके

हमारे शरीर में हर विटामिन की अपनी खास भूमिका है। ये शरीर की अलग-अलग स्थितियों के लिए काम करता है। जहां कभी ये आपके मेटाबोलिक रेट से जुड़ी स्थितियों के लिए काम करता है, तो कभी ये ब्रेन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करता है। जैसे कि विटामिन ए आपकी आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद है। तो, विटामिन बी आपकी ब्रेन और शरीर के अंदर मैसेजिंग को सही करता है। इसके अलावा विटामिन सी आपको कई प्रकार से संक्रामक रोगों से बचाता है। तो, विटामिन डी डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। लेकिन, जब इनकी कमी होने लगे तो हम इसे कैसे पहचान सकते हैं। जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

**मूड स्विंग्स विटामिन डी की कमी**

विटामिन डी की कमी से मूड स्विंग्स की समस्या ज्यादा हो सकती है। ये डिप्रेशन की भावना दे सकती है। विटामिन डी की कमी वाले लोगों में ये अवसाद का कारण बन सकता है। इससे आप ज्यादा दुखी रह सकते हैं और हर समय चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। तो, अगर आपको मेंटल हेल्थ से जुड़ी कोई समस्या हो रही है तो आपके शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

**आंखों की कमजोरी विटामिन ए की कमी**

आंखों की कमजोरी का एक बड़ा कारण विटामिन ए की कमी है। दरअसल, ये आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ कॉर्निया की सेहत के लिए जरूरी है। साथ ही ये आपको डिजनरेटिव नुकसानों से भी बचाता है। तो, अगर आपकी आंखें कमजोर हो रही हैं तो ये विटामिन ए की कमी हो सकती है। ऐसे में विटामिन ए से भरपूर फूड्स का सेवन करें।

**बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी**

बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, विटामिन सी वो विटामिन है जो कि इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। ये मौसमी बीमारियों और फ्लू आदि से बचाता है। इसके अलावा ये टी सेल्स को बढ़ावा देता है और आपको कई बीमारियों से बचाव में मदद कर सकता है।

**थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी**

थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, अगर आपको लंबे समय तक के लिए थकान महसूस हो रही है या फिर हर समय आप कमजोरी महसूस हो रही है तो ये विटामिन बी की कमी हो सकती है। तो, इन लक्षणों पर नजर रखें और समय रहते डॉक्टर दिखा लें।



# हींग है गुणों की खान

अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा होती हैं, कब्ज भी उन्हीं में से एक है। कब्ज के मरीजों को मल त्यागने में बेहद कठिनाई होती है। उनका स्टूल जल्दी पास नहीं होता है, इस वजह से वे घंटों टॉयलेट में बैठे रहते हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें मल त्याग करते समय तेज दर्द होने लगता है और बाद में उन्हें खून भी निकलता है। ऐसे में कब्ज की समस्या को बिलकुल भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। अगर आपको भी कब्ज की परेशानी है, तो अपने डाइट में हींग का सेवन शुरू कर दें। चलिए आपको बताते हैं कब्ज में हींग कैसे असरदार है। हींग का इस्तेमाल यूं तो दाल का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है,लेकिन यह छोटा दिखने वाला मसाला आपको कब्ज और पेट की कई बीमारियों से छुटकारा दिला सकता है। हींग में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो कब्ज, अपच और पेट में गैस और की समस्या से राहत दिलाने में बेहद कारगर हैं। खाली पेट हींग का पानी पियें।

**ऐसे करें हींग का इस्तेमाल**

सबसे पहले एक गिलास पानी को गर्म कर लें। अब गर्म पानी में 1 चम्मच हींग मिलाएं। पानी में हींग को अच्छी तरह घोल लें। जब पानी हल्का गुनगुना हो जाए तब इसका सेवन करें।



प्याज को न समझें कम, कोलेस्ट्रॉल को धमनियों से छानकर बाहर निकाल फेकती है, ऐसे सेवन करने से मिलेंगे लाभ पेट से जुड़ी इन परेशानियों में है।

**पाचन में असरदार**

हींग आपकी पाचन क्षमता को मजबूत बनाता है। खाली पेट एक चुटकी हींग खाने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों में फायदा मिलेगा। अपच या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप डॉक्टर की सलाह पर हींग का सेवन करते हैं।

**पेट दर्द में कारगर**

हींग में मौजूद प्रॉपर्टीज़ ब्लोटिंग, पेट में दर्द और गैस की समस्या को चुटकियों में खत्म करते हैं। कई बार पेट में दर्द गैस या ब्लोटिंग की वजह से होता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोजाना चुटकी भर हींग का सेवन खाली पेट करना फायदेमंद माना जाता है।

# बॉडी टेंपरेचर को कैसे करें कंट्रोल

रात में अगर अच्छी नींद न आए तो सुबह चेहरा उतरा हुआ और बीमार सा दिखाई देता है। घर हो या ऑफिस नींद न आने से दिनभर आप थकान महसूस करते हैं। लंबे समय तक नींद पूरी नहीं होने से चिड़चिड़ापन भी आने लगता है। बार-बार नींद टूटने या रात में अच्छी नींद नहीं आने के कई कारण हो सकते हैं। कुछ लोगों को रात में सोते वक्त बहुत गर्मी लगती है तो वहीं कुछ लोग ठंड की वजह से नहीं सो पाते हैं। अब सवाल उठता है कि रात में अचानक ठंड लगने या गर्मी लगने के क्या कारण हो सकते हैं। एक रिसर्च में ये पता चला है कि बॉडी के डिहाइड्रेट होने के कारण शरीर का तापमान बदलता है। शरीर में पानी की कमी होने से नींद में खलल पड़ता है। जानिए कैसे?



**बॉडी टेंपरेचर को कंट्रोल करता है पानी**

रात में सोने से पहले पानी पीने की सलाह डॉक्टर्स भी देते हैं। सोने से पानी दवाई के जैसे असर करता है। अगर आप रूम टेंपरेचर के हिसाब से पानी पिएंगे, तो इससे सुबह आप एकदम फ्रेश फील करेंगे। रात में पानी पीने से स्किन ग्लो करती है। इससे पेट साफ होगा और आप दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए?**

अब सवाल आता है कि रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए? क्या ठंडा पानी अच्छा होता है या गर्म पानी पीने से नींद अच्छी आती है? इसके लिए डॉक्टर रात में गुनगुना पानी पीने की सलाह देते हैं। ठंड के दिनों में आपको हल्का गर्म पानी पीना चाहिए। अगर बहुत तेज गर्मी है तो आप नॉर्मल पानी पी सकते हैं। रात में ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। इससे आपको नींद अच्छी आएगी। पेट और पाचन मजबूत बनेगा। सुबह आपकी त्वचा खिली-खिली और फ्रेश नज़र आएगी।

**रात में गहरी नींद कैसे पाएं?**

आजकल लोगों को नींद की समस्या काफी होने लगी है। इसकी वजह फोन, लाइफस्टाइल और खान-पान भी है। अच्छी नींद के लिए जरूरी है कि आप टाइम से सोने की कोशिश करें। जब रात में सोने जाएं तो फोन, लैपटॉप, टीवी को से खुद को दूर कर लें। करीब आधा या 1 घंटा पहले इन चीजों से दूर हो जाएं।

# BCCI को मिलेगा नया अध्यक्ष!

## राजीव शुक्ला रेस में सबसे आगे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में जल्द ही एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई 2025 को 70 साल के हो जाएंगे, जिसके बाद बीसीसीआई के नियमों के अनुसार उन्हें अपने पद से हटना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नियम के तहत बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों को 70 साल की उम्र के बाद अपने पद छोड़ने होते हैं। ऐसे में रोजर बिन्नी को रिप्लेस करने की रेस में एक दिग्गज सबसे आगे हैं। ये दिग्गज अंतरिम अध्यक्ष के रूप में जुलाई में ही यह जिम्मेदारी संभाल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी को रिप्लेस कर सकते हैं। अंतरिम अध्यक्ष के रूप में जुलाई में ही यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। राजीव शुक्ला लंबे समय से भारतीय क्रिकेट प्रशासन से जुड़े रहे हैं। वह पहले आईपीएल के चेयरमैन रह चुके हैं और बीसीसीआई में कई अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं। एक अनुभवी राजनेता और पूर्व पत्रकार होने के नाते, शुक्ला का क्रिकेट जगत में काफी अनुभव है। एक रिपोर्ट में बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए दावा किया है कि राजीव शुक्ला जुलाई में ही रोजर बिन्नी की जगह ले सकते हैं और बोर्ड के अधिकारी पहले से ही उनके नाम पर चर्चा कर रहे हैं।



### 2022 से बिन्नी बने थे अध्यक्ष

बता दें, रोजर बिन्नी ने 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने सौरव गांगुली को रिप्लेस किया था। वह 1983 में भारत की पहली वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी थे। उस टूर्नामेंट में उन्होंने सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए थे, जिसने भारत को ऐतिहासिक खिताब दिलाने में मदद की। बिन्नी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम फैसले लिए, जिसमें भारतीय क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर मजबूत करना और प्रशासनिक सुधार शामिल हैं। हालांकि, उम्र सीमा के नियम के कारण अब उन्हें यह पद छोड़ना होगा। जिसके चलते राजीव शुक्ला को नया अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है।

# चैंपियंस लीग का चैंपियन बना PSG







## म्यूनिख में फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब ने गढ़ा कीर्तिमान

**म्यूनिख।** फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब 'पेरिस सेंट-जर्मेन' (PSG) ने म्यूनिख में इतिहास रच दिया। उन्होंने इटली के फुटबॉल क्लब 'इंटर मिलान' को 5-0 से हराकर अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीत लिया। यह केवल दूसरी बार था जब एक फ्रांसीसी क्लब ने यूरोपीय कप उठाया हो। पीएसजी की ये जीत रिकॉर्ड तोड़ अंदाज में हुई, क्योंकि चैंपियंस लीग फाइनल के इतिहास में ये सबसे बड़ी जीत थी। किसी भी टीम ने इससे पहले चार गोल से अधिक के अंतर से यूरोपीय कप फाइनल नहीं जीता था। बीते शनिवार को पीएसजी की ओर से 19 वर्षीय सनसनी डिजायर डू के दो गोल, अशरफ हकीमी, खविचा क्वारत्सखेलिया और सेनी मायुलु ने एक एक गोल करके अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी.अशरफ हकीमी ने 12वें मिनट में अपने पूर्व क्लब इंटर मिलान के खिलाफ गोल करके शुरुआत की, लेकिन उन्होंने सम्मान दिखाने के लिए अपने पुराने क्लब के खिलाफ जश्न नहीं मनाने का फैसला किया। इसके ठीक सात मिनट बाद 19 वर्षीय डिजायर डू ने गोल अपना पहला गोल किया और फिर दूसरे हाफ के बीच में एक और गोल करके बढ़त को दोगुनी कर दिया। इस उपलब्धि ने उन्हें 1962 में बेनफिका के यूसेबियो के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में दो बार गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बना दिया। ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 73वें मिनट में एक शानदार जवाबी हमले के बाद चौथा गोल किया, और फिर सेनी मायुलु ने चार मिनट शेष रहते पांचवां गोल करके जीत पक्की कर दी।

### जय शाह ने चैंपियंस लीग ट्रॉफी के साथ फोटोशूट कराया

पिछले साल दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद से ही जय शाह क्रिकेट के लिए नए बाजार खोलने और विस्तार करने के लिए दौरे कर रहे हैं। आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन के तौर पर कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जय शाह ने 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक और पैरालंपिक आयोजन समितियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और जनवरी 2025 में आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक से भी मुलाकात की। वहीं म्यूनिख में UEFA के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन से मुलाकात की और ट्राफी के साथ फोटोशूट भी कराया। एक्स पर शाह ने लिखा, चैंपियन लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करके और UEFA के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन के साथ चर्चा करके सम्मानित महसूस किया।

# मेसी के गोल से मियामी ने कोलबंस को हराया

**नई दिल्ली।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाये मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया। आठ बार बैलोन डी'ओर विजेता मेसी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गयीं। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने कहा, 'जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही। पिछले साल मैं विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में भी शामिल हुई।' उन्होंने कहा, 'मेरा पहला लक्ष्य विश्व रैंकिंग में शीर्ष 75 में जगह बनाना और इसी साल भारत का नंबर एक खिलाड़ी बनना है। ये मेरे तात्कालिक लक्ष्य हैं। निश्चित तौर पर मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं। उसके बाद ओलंपिक हैं। इसलिए शीर्ष 75 में जगह बनाने के बाद अगला लक्ष्य शीर्ष 50 में आना और ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अच्छी वरीयता हासिल करना है।' घोरपड़े ने कहा, 'एशियाई खेलों के लिए एक मापदंड है जिसके अनुसार हमें सीधे क्वालीफाई करने के लिए अच्छी राष्ट्रीय रैंकिंग के साथ-साथ विश्व रैंकिंग भी बनाए रखनी होगी।' घोरपड़े महिला युगल में दीया चितले के साथ और मिश्रित युगल में हरमीत देसाई के साथ जोड़ी बनाती हैं।






## IPL में अपने पसंदीदा मैच पर खुलकर बोले अर्शदीप

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2023 के मुकाबले को बताया फेवरेट

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के फाइनल मुकाबले से पहले अपने पसंदीदा मैच के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस (MI) के खिलाफ हाई-स्कोरिंग मैच में 5 बार की चैंपियन के खिलाफ चार विकेट लिए थे। अर्शदीप ने 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच को अपना पसंदीदा मैच बताया जिसमें 215 रनों का बचाव करते हुए उन्होंने 4/29 के स्पेल से मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। स्पेल के सबसे खास पल में तिलक वर्मा और नेहल वढेरा के मिडिल स्टंप को लगातार दो गेंदों पर आधा तोड़ना शामिल था। उन्होंने कहा, 'जब मैंने पहली बार डेब्यू किया था। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे अच्छा मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के खिलाफ था। मुंबई इंडियंस 220 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और मैंने चार विकेट लिए और हमने मैच जीत लिया। इसलिए यह मेरे दिल के बहुत करीब है।'

### दबाव की स्थिति में टीम का भरोसा मिलना अच्छा लगता है

अर्शदीप ने दबाव से निपटने के बारे में बात करते हुए कहा कि दबाव की स्थिति में अपनी टीम द्वारा भरोसा किए जाने से उन्हें अच्छा लगता है और जिम्मेदारी का आनंद मिलता है। उन्होंने कहा, 'उस समय, मैं दबाव महसूस न करने और उस पल का आनंद लेने और टीम के लिए अच्छे परिणाम लाने की कोशिश करता हूं। ऐसा कुछ मौकों पर नहीं होता है, लेकिन मैं कोशिश करता हूं कि इसका मुझ पर असर न पड़े और जब मुझे अगले मैच में मौका मिलता है, तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता हूं और टीम के लिए मैच जीतता हूं।' उन्होंने कहा, 'इस सीजन में मैं पंजाब को आईपीएल में अपना पहला खिताब जीतने में मदद करने और आने वाले वर्षों में उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करके पंजाब किंग्स के लिए एक विरासत बनाने के लिए उत्सुक हूं।' पीबीकेएस के लिए 15 मैचों में अर्शदीप ने 24.11 की औसत और 8.62 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिए हैं जिसमें 3/16 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।

# ऑक्शन में मालामाल हुए नवीन कुमार

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग 2025 के पहले दिन का ऑक्शन खत्म हो गया है, जहां पहले दिन कुल 28 प्लेयर्स पर बोली लगाई गई, जिनमें से 26 प्लेयर्स बिक गए और सिर्फ दो ही प्लेयर्स अनसोल्ड रहे। इनमें दिग्गज प्रदीप नरवाल और साहिल गुलिया के नाम शामिल हैं। हालांकि ये प्लेयर्स ऑक्शन के दूसरे दिन खरीदे जा सकते हैं। ऑक्शन के पहले दिन अनुभवी नवीन कुमार को हरियाणा स्टीलर्स ने अपनी टीम में शामिल किया है और उन पर पैसों की बरसात हुई है। नवीन कुमार प्रो कबड्डी लीग में अपने डेब्यू के बाद से ही दिल्ली दबंग के लिए खेल रहे थे। अब लीग में उनकी टीम बदल गई है। वह हरियाणा स्टीलर्स की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। उन्हें 1.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया है। उन्होंने दिल्ली दबंग को पहला प्रो कबड्डी लीग का खिताब जिताने में अहम भूमिका अदा की थी। नवीन अपने करियर में चोट से भी जूझते रहे हैं और उन्होंने इंजरी की वजह से ही कई बार बाहर भी रहना पड़ा था। नवीन कुमार जैसे प्लेयर्स का किसी भी टीम में होना तुरुप के इक्के जैसा है। उनकी फुर्ती, बोनस अंक जमा करने की चतुराई उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। वह विरोधियों को कड़ी टक्कर देने के लिए जाने जाते हैं। हरियाणा स्टीलर्स लंबे समय उनके जैसे ही रेडर की तलाश में थी, जो अब जाकर पूरी हो गई है। मोहम्मदरेजा शादलू चियानेह प्रो कबड्डी लीग 2025 के ऑक्शन में पहले दिन सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं।




# वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को ICC ने दी सजा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जी रही है। सीरीज का पहला मैच 29 मई 2025 को एजबेस्टन में खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रनों से करारी शिकस्त दी थी। वेस्टइंडीज को इस हार के बाद अब एक और बड़ा झटका लगा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है और सभी खिलाड़ियों को सजा सुनाई है।



### वेस्टइंडीज के खिलाफ एक्शन

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्लो ओवर रेट के चलते वेस्टइंडीज टीम को सजा सुनाई है। आईसीसी ने वेस्टइंडीज टीम पर यह कार्रवाई उनके निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंकने के कारण की है। आईसीसी के नियमों के अनुसार, एक टीम को वनडे मैच में निर्धारित समय के अंदर अपनी गेंदबाजी पूरी करनी होती है। अगर टीम ऐसा करने में विफल रहती है, तो उसे स्लो ओवर रेट का दोषी माना जाता है। वेस्टइंडीज की टीम इस मैच में एक ओवर पीछे रह गई, ऐसे में सभी खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा, 'एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने हर एक खिलाड़ी पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए, पारी के अंत में शाई होप की टीम आवश्यक लक्ष्य से एक ओवर पीछे पाई गई थी। यह जुर्माना खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुरूप है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है।' आईसीसी के नियमों के मुताबिक, खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है, जो कि निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी करने में विफल रहता है।

# काशी के अनुराग ने जीते दो स्वर्ण पदक

**वाराणसी।** लखनऊ में खेली गई प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन काशी के दो खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते। इसमें बरेका के अनुराग आर सिंह ने ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी में दो नए रिकॉर्ड के साथ दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया है जबकि 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सत्यम साहनी कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। तैराकी कोच कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि अनुराग आर सिंह ने 1500 मीटर और चार सौ मीटर तैराकी प्रतियोगिता में प्रादेशिक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 1500 मीटर तैराकी 16 मिनट 49 सेकंड पूरा कर अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ नया रिकॉर्ड बनाया। साथ ही 400 मीटर तैराकी 4 मिनट 17 सेकंड में पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाया है। अनुराग आर सिंह के पिता भारतीय खेल प्राधिकरण साई में तैराकी के कोच हैं। राजघाट निवासी सत्यम साहनी ने लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता में पदक जीता है। उन्होंने 100 मीटर फ्रीस्टाइल प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। सत्यम ने बरेली में आयोजित एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उनका एक सप्ताह में दूसरा पदक है। सत्यम ने तैराकी की शुरूआत गंगा नदी से शुरू की, इसके बाद सिगरा स्टेडियम में अभ्यास करते हैं। लखनऊ में खेली जा रही ओपेन स्टेट तैराकी प्रतियोगिता में वाराणसी के 16 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पुरुष वर्ग में 11 जबकि महिला वर्ग में 5 खिलाड़ी तैराकी की अलग अलग स्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं। प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में 31 मई से 1 जून तक खेली जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने कहा कि सिगरा में स्वीमिंग पूल में तैराकी शुरू होने का लाभ खिलाड़ियों को मिलने लगा है।



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया



**रोसारियो (अर्जेंटीना)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूनार्मेंट के अपने पांचवें मुकाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। रविवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की उप-कप्तान हिना ने (10वें) और लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरूआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरू की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुकाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए। उरुग्वे की टीम एक ही गोल कर सकी और मुकाबला 3-1 हार गई। भारत की अगले मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

## शुभमन गिल के समर्थन में आए शिखर धवन, कहा


# टेस्ट कप्तानी के लिए बिल्कुल सही विकल्प

**नई दिल्ली।** भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान बनाया गया है। कुछ लोगों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई है तो कुछ ने गिल का समर्थन किया है। गिल के समर्थकों में एक नाम पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन उर्फ गब्बर का भी जुड़ गया है। धवन मानते हैं कि गिल टेस्ट कप्तान के रूप में बुलकुल सही विकल्प हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद यह फैसला लिया गया है। धवन ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बढ़िया विकल्प है। शुभमन ने हाल ही में आईपीएल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह एक बेहतरीन प्रतिभा है और परिपक्व हो गया है। वह कई वर्षों से भारतीय टीम के लिए खेल रहा है। मुझे लगता है कि वह टेस्ट कप्तानी संभालने के लिए एकदम सही उम्मीदवार है, और मुझे यकीन है कि वह इसे अच्छी तरह से संभालेगा और टीम का नेतृत्व करेगा। यह अब नई पीढ़ी है - जेन जेड - और मुझे विश्वास है कि वह शानदार काम करेगा। मेरी शुभकामनाएं।' इसके अलावा धवन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) जीतने के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) का भी समर्थन करते हुए उन्हें एक संतुलित टीम कहा। उन्होंने कहा, 'इस बार आईपीएल बहुत रोमांचक रहा है। फाइनल के लिए मेरा समर्थन मुंबई इंडियंस के साथ होगा।



### शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड का दौरा कड़ी परीक्षा : सबा करीम

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने कहा, 'यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।' इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।'





## मिस वर्ल्ड ओपल सुचाता बोलीं

# लड़कियां खुद पर भरोसा करें तो कुछ भी कर सकती हैं

### PM मोदी से मिलने का मन

हैदराबाद में आयोजित 72वें मिस वर्ल्ड कॉम्पिटिशन में थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री विनर रही हैं। 21 साल की ओपल ने 108 देशों की कंटेस्टेंट्स को हराकर मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब हासिल किया है। मिस वर्ल्ड 2024 रहीं क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने अपना ताज ओपल सुचाता को पहनाया। मिस वर्ल्ड बनने के बाद ओपल सुचाता विनिंग मोमेंट के अलावा इंडियन फिल्म इंडस्ट्री, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, साउथ सुपरस्टार प्रभास को लेकर बात की। ओपल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका आभार भी व्यक्त करना चाहती हैं।

**इस खास पल में आपके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा है?**
मैं खुद पर गर्व महसूस कर रही हूं। मैंने थाईलैंड के लिए पहला मिस वर्ल्ड ताज जीता है। मेरे लिए ये एक बहुत बड़ा मौका और सम्मान की बात है। जब मिस वर्ल्ड 2025 के लिए आपके नाम की घोषणा हुई तो सबसे पहले दिमाग में क्या आया? मुझे यकीन नहीं हुआ। मेरा रिएक्शन ओ माई गॉड था और मैंने अपने दोस्त को गले लगाया और रोई, लेकिन इसके अलावा ये एक गर्व का पल था। मैं जानती हूं कि मेरे देश के लोग इस ताज का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस साल हमें बहुत उम्मीदें थीं और मुझे बहुत खुशी है कि हमने इसे जीत लिया है।

**आप अपनी मिस वर्ल्ड जर्नी को कैसे डिस्क्राइब करेंगी?**
मेरे लिए ये एक सुंदर और शानदार यात्रा रही है। तेलंगाना में मैं अब तक जिन जगहों पर गई और जिन लोगों से मिली हूं, उनके साथ यहां रहकर मुझे अच्छा महसूस हुआ। तेलंगाना के लोगों का प्यार, रंग और खूबसूरती ने मेरी लाइफ में बहुत कुछ जोड़ा है।



**आपने कब तय किया कि आपको ब्यूटी पेजेंट का हिस्सा बनना है?**
मैं जब 18 साल की थी, तब मुझे मौका और इन्विटेशन मिला। तब मैंने सोचा ये एक ऐसा मौका है, जो आपको लाइफ में बार-बार नहीं मिलेगा। ये एक शानदार मौका है। इसके साथ ही ये मेरे ब्यूटी विथ पर्पज प्रोजेक्ट को भी पूरा कर रहा था। मेरे लिए ये बड़ा मौका था, जब मैं एक इंटरनेशनल स्टेज पर न सिर्फ अपने कल्चर को बल्कि अपनी लाइफ के पर्पज को रिप्रेजेंट कर सकती थी।

**PM मोदी से मिलने को लेकर आपका कोई प्लान है?**
हां, मैं उनसे मिलना चाहूंगी। मैं उनसे मिलकर आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि उन्होंने हम सबको भारत में इतने शानदार एक्सपीरियंस का मौका दिया।

**जिंदगी में कभी ऐसा कोई पल रहा है, जब किसी ने कहा हो कि तुम नहीं कर सकती?**
हां, ऐसे पल रहे हैं। मैं जब काफी यंग थी तो मेरा सपना डिप्लोमैट बनने का था। उस वक्त बहुत सारे लोग थे, जो मुझे कहते थे कि मैं ये नहीं कर पाऊंगी क्योंकि मैं एक महिला हूं। उनका कहना था कि महिला के लिए इस फील्ड में काम करना बहुत मुश्किल है। साथ ही मेरे पेरेंट्स इस फील्ड से नहीं हैं। मैंने उन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं दिया और मैंने खुद पर यकीन किया। मुझे यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल रिलेशन में पढ़ाई करने का मौका मिला।

**आपने कोई हिंदी फिल्म देखी है? इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में काम करने को लेकर आपका कोई प्लान है?**
मैंने 'गंगूबाई' देखी है। मुझे आलिया भट्ट बहुत ज्यादा पसंद हैं वो इस फिल्म में भी थीं। अगर मुझे इंडियन इंडस्ट्री से जुड़ने का मौका मिलता है तो ये बहुत अच्छा रहेगा।

**क्या आप कोई कोई हिंदी शब्द जानती हैं?**
हां, मुझे नमस्कार और धन्यवाद पता है।

**भारत और दुनिया की लड़कियों के लिए कोई मैसेज देना चाहती हैं?**
हेल्थ और ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस के अलावा मैं सारी लड़कियों से कहूंगी कि वो हमेशा अपने आप पर यकीन करें। अपने लक्ष्य को पहचाने और उसे पूरा करने की कोशिश करें। मैं इस बात पर यकीन करती हूं कि अगर खुद पर यकीन हो तो एक महिला कुछ भी कर सकती है।

# 2 साल बाद पर्दे पर लौट रहीं नरगिस



## 'हाउसफुल 5' से करेंगी दमदार कमबैक

**अक्षय कुमार संग बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अपने दमदार कमबैक को लेकर सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस एक लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करने को तैयार है. वो अक्षय कुमार के साथ मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आने वाली हैं. नरगिस फिल्म 'हाउसफुल 5' के जरिए दो साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर लौट रही हैं और फैंस इस खबर से बेहद खुश हैं.**

हाल ही में नरगिस फाखरी ने इंस्टाग्राम पर 'हाउसफुल 5' के ट्रेलर लॉन्च से कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा – "कमबैक जैसे कभी गई ही नहीं थीं! अब पहले से भी ज्यादा ताकतवर और शानदार अंदाज में लौटी हूं." उनके इस अंदाज़ ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया. नरगिस को आखिरी बार 2023 में फिल्म 'शिव शास्त्री बलबोआ' में देखा गया था, जिसमें वह अनुपम खेर और नीना गुप्ता के साथ नजर आई थीं. अब वो 'हाउसफुल 5' के ज़रिए फिर से कॉमेडी और मस्ती के रंग बिखेरने वाली हैं. फिल्म के गानों की बात करें तो अब तक चार गाने रिलीज़ हो चुके हैं – 'लाल परी', 'दिल ए नादान', 'कयामत' और हाल ही में आया 'द फुगड़ी डांस'. सभी गाने दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं. फिल्म का डायरेक्शन तरुण मनसुखानी ने किया है, जो पहले 'दोस्ताना' जैसी हिट फिल्म बना चुके हैं.



# 'दुश्मन के साथ कैसा दोस्ताना'

### सांस्कृतिक रिश्तों के बीच तनाव और पाकिस्तानी कलाकारों पर विवाद

**एक देश के रूप में पाकिस्तान से भारत के रिश्ते कभी दोस्ताना नहीं रहे, लेकिन यह भी सच है कि इसी तनाव के बीच पड़ोसी होने के नाते औपचारिक रिश्ते भी बने रहे। चाहे क्रिकेट का हो या कला का। चूंकि दोनों देशों की सांस्कृतिक जमीन एक ही रही है इसीलिए तमाम तनावों के बीच सांस्कृतिक आवाजाही बनी रही, सांस्कृतिक सामग्रियों के रूप में ही नहीं, सांस्कृतिक व्यक्तियों के रूप में भी।**

यहां तक कि पाकिस्तान के कंटेट पर केंद्रित स्वतंत्र टेलीविजन चैनल की शुरुआत हुई। यह भारत की ओर से पाकिस्तान की तमाम दुर्भावनाओं को नजरअंदाज कर सांस्कृतिक रिश्ते बनाए रखने की कोशिश ही थी कि 'हिना' ही नहीं, 'वीर जारा' और फिर 'बजरंगी भाईजान' जैसी फिल्में भी बनीं। जिसके बाद पाकिस्तानी कलाकारों के लिए हिंदी सिनेमा के दरवाजे भी खोले गए और दर्शकों ने उन्हें सिर-माथे पर बिठाया भी।

**मिटती नहीं पहचान**

वास्तव में यह कला की खासियत भी है कि जब हम उससे रूबरू होते हैं, तो उसे पसंद-नापसंद करने का कोई दूसरा आधार नहीं होता। सिनेमा देखते हुए कलाकार की राष्ट्रीयता या उसके चरित्र या अन्य चीजों पर हम ध्यान दे ही नहीं सकते। गुलाम अली की गजलें सुनें तो आप सिर्फ और सिर्फ उनके गायन से जुड़ते हैं, उनकी राष्ट्रीयता से नहीं। कला और कलाकार में फर्क होता है।

**पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की आने वाली पंजाबी फिल्म सरदार जी 3 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'सरदार जी' का तीसरा पार्ट 'सरदार जी 3' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। दिलजीत ने इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।पोस्टर में दिलजीत एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं, जहां वह अपने ही मस्त मौला अंदाज में खड़े हुए हैं और उनके पीछे कई महिलाएं हैं जिनके चेहरों पर घूंघट पड़ा है।**

# दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 का फर्स्ट रिलीज



दिलजीत पोस्टर शेयर करते हुये लिखा कि इस बार 'सरदार जी' अपने तीन गुना पागलपन के साथ लौट रहा है- रोमांटिक, कॉमिक और डरावना अंदाज इस बार दर्शकों को एक बिल्कुल अलग अनुभव देगा। फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ ही उन्होंने टीजर जल्द ही आने की जानकारी भी दी। गौरतलब है कि 'सरदार जी' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी, जिसमें दिलजीत के साथ नीरू बाजवा और मैंडी तखर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। इसके बाद 2016 में 'सरदार जी 2' आई, जिसमें दिलजीत ने तीन भूमिकाएं निभाई थीं। 'सरदार जी 3' का निर्देशन अमर हुंदल कर रहे हैं। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नीरू बाजवा और मानव विज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# 'ओवर कॉन्फिडेंस दलदल की तरह'



### पंकज त्रिपाठी ने दी खास सलाह

फेमस एक्टर पंकज त्रिपाठी अपनी सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन की सफलता का जश्न मना रहे हैं. इस बीच उन्होंने एक्टर्स को ओवर कॉन्फिडेंस से बचने की सलाह दी. उनका कहना है कि जब कलाकार सोचने लगे कि अब वह बहुत बड़ा हो गया है और उसे कुछ नया सीखने या सुधारने की जरूरत नहीं, तो यह एक खतरनाक स्थिति है. ऐसा आत्मविश्वास एक दलदल की तरह है, जिससे एक्टर्स को दूर रहना चाहिए. आईएएनएस से बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा कि एक आर्टिस्ट को अपनी एक्टिंग को सरल और आकर्षक बनाने की कोशिश करनी चाहिए. एक्टिंग में ऐसा तरीका अपनाना चाहिए, जो स्क्रीन पर न तो ज्यादा दिखावा लगे, न ही बोरिंग हो. एक्टिंग में सहजता और मेहनत का सही संतुलन होना जरूरी है. उन्होंने आगे कहा, 'आराम की भावना खतरनाक नहीं है, लेकिन अगर यह आराम ज्यादा आत्मविश्वास की वजह से हो तो, यह खतरनाक हो सकता है.

# सोनू सूद के काम की दुनिया हुई कायल

**72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में भारत के जाने माने अभिनेता सोनू सूद को बड़ा सम्मान दिया गया है। सोनू सूद को लोगों की मदद करने के लिए 'ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड' से नवाजा गया है। इस सम्मान को पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं।**



### मिस वर्ल्ड 2025 में मिला बड़ा सम्मान

**किस लिए दिया गया सोनू सूद को अवॉर्ड?**

अभिनेता सोनू सूद को यह अवॉर्ड कोविड-19 के दौरान लोगों की मदद करने के लिए दिया गया। कोरोना काल के दौरान सोनू सूद लोगों के हीरो बनकर उभरे। मुश्किल वक्त में सोनू सूद ने कम से कम चार लाख लोगों की मदद की। इन लोगों में प्रवासी, छात्र और वंचित परिवार शामिल थे। सोनू सूद ने इन लोगों की मदद करने के लिए दिन रात मेहनत की। यह लोग अचानक अपनी आय खोने से मुश्किल में फंस गए थे। सोनू सूद की लोगों के प्रति उदारता को पूरी दुनिया में पहचाना गया।

**मिस वर्ल्ड जूरी सदस्य थे सोनू सूद**

सोनू सूद को भारत के तेलंगाना में बड़े हाइटेक्स एरिना में 'मिस वर्ल्ड 2025' के लाइव टेलीकास्ट के दौरान अभिनेता राणा दग्गुबाती ने अवॉर्ड दिया। इसके अलावा सोनू सूद इस साल इस मशहूर प्रोग्राम में जूरी के सदस्य भी थे।

**सोनू सूद के साथ काम करेगा मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन**

'मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन' सूद चैरिटी फाउंडेशन के साथ मिलकर स्तन कैंसर जागरूकता के लिए प्रोग्राम लॉन्च करेगा। इस साझेदारी का मकसद जागरूकता बढ़ाना, बीमारी की जल्दी पहचान को बढ़ावा देना और दुनिया भर में स्तन कैंसर से जूझ रहे लोगों की मदद करना है।



**अभिनेत्री सोनम ने बताया कि है कि फिल्म 'मिट्टी और सोना' में उनका किरदार उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। सोनम कपूर ने वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म मिट्टी और सोना में कॉलेज गर्ल और एक तवायफ दोनों का रोल निभाया था।सोनम ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'मिट्टी और सोना' से अपने किरदार की कुछ तस्वीरें शेयर की और बताया कि महज 15-16 साल की उम्र में उन्होंने रेड-लाइट एरिया जाकर वहां की जिंदगी को देखा था। इससे उन्हें न सिर्फ हिम्मत और समझ मिली, बल्कि फिल्म में अपने किरदार को ईमानदारी से निभाने में मदद भी मिली।**

# 'मिट्टी और सोना'

## में निभाया चुनौतीपूर्ण किरदार : सोनम

सोनम कपूर ने लिखा, 'मिट्टी और सोना' मेरे दिल के सबसे करीब फिल्म है... इसमें मैंने एक कॉलेज गर्ल और एक तवायफ का रोल निभाया था। हां, ये रोल करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। मुझे कॉलेज स्टूडेंट और वेश्यावृत्ति में शामिल लड़की के तौर-तरीकों पर काम करना था। मैं इस फिल्म से कुछ साबित करना चाहती थी, लेकिन कैसे साबित होगा, उस वक्त मुझे खुद भी नहीं पता था।लोग मुझे अक्सर 'ग्लैमरस सोनम' के तौर पर जानते थे, जो बेखौफ बिकिनी पहनती थी। इस फिल्म ने मुझे मौका दिया कि मैं अपनी कम लेकिन यादगार चार साल के फिल्मी करियर में ये साबित कर सकूं कि मैं सिर्फ ग्लैमरस नहीं, बल्कि अच्छी एक्टिंग भी कर सकती हूं। सोनम ने लिखा, मैंने वहां कुछ लड़कियों से बात भी की।




# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मौनी रॉय और करिश्मा तन्ना की वापसी?

**टीवी लवर्स के बीच कुछ सीरियल्स की चर्चा अक्सर चलती है। खासकर एकता कपूर के शोज को पसंद करने वालों के बीच कुछ पुराने सीरियल्स का जिक्र चलता है, जो किसी समय टीआरपी की लिस्ट में भी टॉप पर थे। इन दिनों क्योंकि सास भी कभी बहू थी की टीवी पर वापसी का सभी इंतजार कर रहे हैं। इस शो की कास्ट को लेकर भी बज बना हुआ है। हाल ही में अपडेट सामने आया की स्मृति ईरानी ने इस शो की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बीच स्टार कास्ट से जुड़ा एक और एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला अपडेट आया है, जिसमें बताया गया है कि एक बार फिर इसमें टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस नजर आएंगी, जो अब बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं।**

बॉलीवुड में उन सितारों की कमी नहीं हैं, जिन्होंने टीवी से करियर की शुरुआत की और बाद में बड़े पर्दे पर भी सभी का दिल जीत लिया। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में दो एक्ट्रेस ऐसी रही हैं, जो आज के समय में फिल्मों में सक्रिय हैं। साथ ही, मूवीज में उनके रोल को खूब पसंद किया जाता है। सवाल खड़ा होता है कि क्या इस शो में कम करने वाली ये अभिनेत्रियां फिर से वापसी करेंगी या नहीं।

इंडियन फोरम की हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मौनी रॉय और करिश्मा तन्ना क्योंकि सास बी कभी बहू थी के नए सीजन में नजर आएंगी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये दोनों पॉपुलर एक्ट्रेस शो के पहले सीजन में नजर आ चुकी हैं, जिसमें इनके काम को काफी पसंद किया गया था। जब स्मृति ईरानी ने शो के लिए शूटिंग शुरू कर ली है, तो अब कहा जा रहा है कि उनके साथ ये दोनों अभिनेत्रियां भी सीरियल में होंगी।



# कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मज़ेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं ।नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक! मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, "हाय विद्या, बहुत दिनों बाद... ये कार्तिक है," और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, "हाय विद्या... ये विद्या है!" लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा,"बचके रहना #रूहबाबा..., मैं हर जगह मिलूंगी! @कार्तिकआर्यन "यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया।फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गये।